www.sanjanabharati.com
दिल्ली और गौतम बुद्ध नगर से प्रकाशित। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व उत्तराखंड में प्रसारित
facebook.com/Sanjanabharati

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

संजना भारती

RNI No. : DELHIN/2016/70240

आपका भरोसा, हमारी ताकत



2 युद्ध एवं आतंक से जूझती दुनिया में शांति...
3 जनसमस्याओं से रुबरु हुई पूर्व विधायक अमिता भूषण
4 राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने श्री गुरु गोबिंद सिंह...

वर्ष: 9 | अंक: 74 | दिल्ली, मंगलवार, 7 जनवरी 2025 | पृष्ठ संख्या: 4 | मूल्य: 1 रुपया

केंद्र सरकार मार्च 2026 तक भारत से नक्सलवाद को खत्म कर देगी: अमित शाह

जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा-केंद्रीय गृह मंत्री

(एजेन्सी)।

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के आठ जवानों और एक नागरिक ड्राइवर की नक्सलियों द्वारा हत्या किए जाने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार मार्च 2026 तक भारत से नक्सलवाद को खत्म कर देगी। उन्होंने आगे कहा कि जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। गृह मंत्री ने लिखा कि बीजापुर (छत्तीसगढ़) में IED ब्लास्ट में DRG के जवानों को खोने की सूचना से अत्यंत दुःखी हूँ। वीर जवानों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएँ व्यक्त करता हूँ।

अमित शाह ने आगे कहा कि इस दुःख को शब्दों में व्यक्त कर पाना असंभव है, लेकिन मैं विश्वास दिलाता हूँ कि हमारे जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। हम मार्च 2026 तक भारत की भूमि से नक्सलवाद को समाप्त करके ही रहेंगे। वहीं, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु

देव साय ने कहा ने आज क्एऊ विस्फोट में हमारे 8 जवान और एक ड्राइवर शहीद हुए हैं। मैं उनकी शहादत को नमन करता हूं, उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि देता हूं। उनकी शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी, जिस तरह से लगातार नक्सलियों को परास्त किया जा रहा है, उससे वे हताश हैं और ऐसी कायराना हरकतें कर रहे हैं। जल्द छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद का खात्मा होगा और यहां शांति बहाल होगी।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बीजापुर IED विस्फोट पर कहा कि यह कैसे हुआ यह जांच का विषय है...अब हम इस पूरे नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के लिए और दृढ़ता और ताकत के साथ काम करेंगे...उन्होंने (केंद्रीय गृह मंत्री) और दृढ़ता के साथ कार्रवाई करने की बात कही है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सोमवार को नक्सलियों ने एक वाहन को बारूदी सुरंग में विस्फोट कर उड़ा दिया, जिसमें जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के आठ जवान और एक चालक की मौत हो गई।

बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सुंदरराज पी ने बताया कि कुटरू थाना क्षेत्र के अंबेली गांव के पास दोपहर करीब 2.15 बजे नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर एक वाहन को उड़ा दिया। यह घटना तब हुई जब दंतेवाड़ा जिले के जिला रिजर्व गार्ड(डीआरजी) के जवान नक्सल विरोधी अभियान के बाद अपनी एसयूवी कार से लौट रहे थे। अधिकारी ने बताया कि सभी आठ डीआरजी जवानों और वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

डीआरजी राज्य पुलिस की एक इकाई है और इसमें ज्यादातर स्थानीय आदिवासियों और आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को भर्ती किया जाता है।

वह समय दूर नहीं जब भारत में पहली बुलेट ट्रेन दौड़ेगी: पीएम नरेंद्र मोदी

(एजेन्सी)।

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी जल्द ही वर्चुअल तरीके से कई रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने तेलंगाना में न्यू जम्मू रेलवे डिवीजन, चारलापल्ली न्यू टर्मिनल स्टेशन का उद्घाटन किया और ईस्ट कोस्ट रेलवे के रायगडा रेलवे डिवीजन बिल्डिंग की आधारशिला रखी। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 की शुरूआत से ही भारत कनेक्टिविटी की तेज रफ्तार बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि मैंने कल दिल्ली NCR में 'नमो भारत' ट्रेन का शानदार अनुभव लिया और दिल्ली मेट्रो की अहम परियोजनाओं की शुरूआत की। कल भारत ने बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है। हमारे देश में अब

मेट्रो नेटवर्क एक हजार किलोमीटर से ज्यादा का हो गया है।

मोदी ने कहा कि हमने देखा है, पिछला एक दशक भारतीय रेलवे के ऐतिहासिक परिवर्तनों का रहा है। रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर में एक दृश्यमान परिवर्तन आया है। इससे देश की छवि बदली है और देशवासियों का मनोबल भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भारत में रेलवे के विकास को हम चार पैरामीटर्स पर आगे बढ़ा रहे हैं। रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर का आधुनिकीकरण, रेलवे के यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं, रेलवे की देश के कोने-कोने में कनेक्टिविटी, रेलवे से रोजगार का निर्माण और उद्योगों को सपोर्ट शामिल है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में रेल कनेक्टिविटी का भी अद्भुत विस्तार हुआ है। 2014 तक देश में सिर्फ 35 प्रतिशत रेल लाइनों का विद्युतीकरण हुआ था। आज भारत, रेल लाइनों के शत-प्रतिशत विद्युतीकरण के करीब है। हमने रेलवे की पहुंच को भी लगातार बढ़ावा दिया है।

भारत में अब तक एचएमपीवी के तीन मामलों की हुई पुष्टि

हम हालात पर नजर बनाए हुए हैं: जेपी नड्डा

(एजेन्सी)।

नई दिल्ली। भारत में अब तक ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के तीन मामलों की पुष्टि हुई है। इनमें से दो कर्नाटक में और एक गुजरात में है। हालांकि, स्वास्थ्य अधिकारी इस बात पर जोर दे रहे हैं कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि यह कोई नया रोगजनक नहीं है। उन्होंने कहा कि नियमित फ्लू शॉट्स या यहां तक कि तीन कोविड वैक्सीन की खुराक व्यक्ति को इस संक्रमण से प्रतिरक्षित बनाती है। वहीं, अब केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का भी बयान सामने आया है।

जेपी नड्डा ने कहा कि स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया है कि एचएमपीवी कोई नया वायरस नहीं है। इसकी पहचान पहली बार 2001 में हुई थी और यह कई सालों से पूरी दुनिया में घूम रहा है।

एचएमपीवी श्वसन के माध्यम से हवा में फैलता है। यह सभी आयु वर्ग के व्यक्तियों को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने कहा कि यह वायरस सर्दियों और शुरूआती वसंत महीनों के दौरान अधिक फैलता है। हालिया रिपोर्टों पर, चीन में एचएमपीवी के मामले, स्वास्थ्य मंत्रालय, आईसीएमआर और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र चीन के साथ-साथ पड़ोसी देशों की स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं। WHO ने स्थिति का संज्ञान लिया है और शीघ्र ही अपनी रिपोर्ट हमारे साथ साझा करेगा।

नड्डा ने कहा कि आईसीएमआर और एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम के पास उपलब्ध श्वसन वायरस के देश के आंकड़ों की भी समीक्षा की गई है और भारत में किसी भी सामान्य श्वसन वायरल रोगजनकों में कोई वृद्धि नहीं देखी गई है। स्थिति की समीक्षा के लिए 4 जनवरी को स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक की अध्यक्षता में संयुक्त निगरानी समूह की बैठक हुई। उन्होंने कहा कि देश की स्वास्थ्य प्रणालियाँ और निगरानी नेटवर्क सतर्क रहते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि देश किसी भी उभरती स्वास्थ्य चुनौती का तुरंत जवाब देने के लिए तैयार है। चिंता का कोई कारण नहीं है। हम स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं।

लोहगढ़ परियोजना विकास समिति की बैठक हुई आयोजित

लोहगढ़ में जल्द बनेगा विश्वस्तरीय बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक

संजना भारती संवाददाता

चंडीगढ़। केंद्रीय ऊर्जा, आवासन और शहरी मामलों के मंत्री श्री मनोहर लाल और हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज लोहगढ़ परियोजना विकास समिति की बैठक की संयुक्त रूप से अध्यक्षता की। समिति का गठन यमुनानगर जिले के लोहगढ़ में बनने वाले विश्वस्तरीय बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक के विकास की देखरेख के लिए किया गया है।

उल्लेखनीय है कि हरियाणा सरकार ने लोहगढ़ में बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक की प्रगति की निगरानी के लिए लोहगढ़ परियोजना विकास समिति का गठन किया है। केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल समिति के मुख्य संरक्षक, जबकि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी इसके अध्यक्ष हैं। बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने अधिकारियों को बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक की स्थापना की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि इस विश्वस्तरीय विरासत स्मारक का जल्द से जल्द निर्माण सुनिश्चित कर इसे जनता को समर्पित किया जा सके।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक का निर्माण मुख्य रूप से उनकी जीवनी पर केंद्रित होना चाहिए, जिसमें उनकी बहादुरी और बलिदान की वीरगाथा की झलक हो। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि स्मारक में बाबा बंदा सिंह बहादुर सहित देश भर में मुगलों के खिलाफ अन्य सिख गुरुओं द्वारा लड़ी गई लड़ाइयों को समर्पित एक संग्रहालय का भी निर्माण होना चाहिए। स्मारक के डिजाइन का उद्देश्य जनता, विशेष रूप से युवा पीढ़ी को वीर बाबा बंदा सिंह बहादुर के इतिहास और वीरतापूर्ण योगदान के बारे में शिक्षित करना होना चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि स्मारक की स्थापना में अतीत में प्रचलित रहे पारंपरिक सिख मार्शल आर्ट को भी बढ़ावा देने की ओर भी ध्यान केंद्रित होना चाहिए। बैठक में बताया गया कि इस परियोजना का निर्माण दो चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में लगभग 74 करोड़ रुपये की लागत से किले के जीर्णोद्धार और संवर्धन, किलेनुमा दीवार का निर्माण, प्रवेश द्वार, नानकशाही सिक्का का निर्माण, साइटका भूनिर्माण और स्मारक का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा, एक अत्याधुनिक संग्रहालय का निर्माण किया जाएगा, जिसमें बाबा बंदा सिंह बहादुर की जीवन गाथा को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़कर पर्यटकों के लिए एक अनूठा अनुभव तैयार किया जाएगा।

बैठक में पर्यटन मंत्री श्री अरविंद शर्मा, पूर्व मंत्री श्री कंवर पाल, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री अरुण गुप्ता, धरोहर एवं पर्यटन विभाग की प्रधान सचिव कला रामचंद्रन, मुख्यमंत्री के उप प्रधान सचिव श्री यशपाल यादव, मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री बी.बी. भारती, पूर्व सांसद सरदार तरलोचन सिंह, सिख इतिहासकार एवं हरियाणा राज्य जैव-विविधता बोर्ड के चेयरमैन डॉ. जसपाल सिंह, सिग्मा ग्रुप के चेयरमैन सरदार जगदीप सिंह चड्ढा, ओएसडी डॉ. प्रभलीन सिंह सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

एचएमपीवी को लेकर दिल्ली सरकार सतर्क

नई दिल्ली (एजेन्सी)। देश में तीन एचएमपीवी पॉजिटिव मामले सामने आने के बाद दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को दिल्ली में पूरी व्यवस्था करने का निर्देश दिया। भारद्वाज ने स्वास्थ्य सचिव को प्रतिदिन तीन अस्पतालों का निरीक्षण कर उन्हें रिपोर्ट सौंपने को कहा। उन्होंने अस्पतालों को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की सलाह का पालन करने को कहा है, जबकि परिवार और स्वास्थ्य विभाग को लगातार

उसके संपर्क में रहने का निर्देश दिया है। इस बीच, उन्होंने अधिकारियों से सतर्क रहने और किसी भी निर्देश की आवश्यकता होने पर किसी भी मुद्दे को सीधे उनके पास लाने को कहा। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की सलाह के अनुसार सभी अस्पतालों को सांस की बीमारी में किसी भी संभावित वृद्धि से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहना चाहिए। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को राजधानी में तैयारियों के बारे में समय पर अपडेट प्राप्त करने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के संपर्क में रहना चाहिए। कार्रवाई में देरी करने की कोई आवश्यकता नहीं है, यदि निदेशों की आवश्यकता हो तो तुरंत फोन पर मेरे पास समस्याएँ लाएँ।

गुरु गोबिन्द सिंह जी के साहिबजादों ने समाज व धर्म के लिए सर्वस्व न्यौछावर किया: सीएम

'उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक हर माह गांव में जाकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे'

संजना भारती संवाददाता

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी के प्रकाश उत्सव की लख-लख बधाई देते हुए कहा कि हमें गर्व है कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों ने समाज व धर्म के लिए सर्वस्व न्योछावर कर दिया था।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नाडा साहिब गुरुद्वारे में श्री गुरु गोबिंद सिंह के 358 वें प्रकाशोत्सव पर पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित कर रहे थे। उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब पर शीश नवाया और अखण्ड पाठ में भी शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने निशान साहिब पर भी मत्था टेका और प्रदेश के नागरिकों की खुशहाली व समृद्धि की कामना की।

पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की नींव रखी और समाज व राष्ट्र के लिए अपने परिवार की कुबार्नी दी थी। उन्होंने कहा कि जनता ने प्रदेश व केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाई है। इस बार भी तीव्र गति से विकास के कार्य किये जायेंगे। इसलिए सरकार ने निर्णय लिया है कि सभी उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक हर माह गांव में जाकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे और उनका मौके पर ही

निपटारा सुनिश्चित करेंगे। लोहारू प्रकरण पर सवाल के जवाब मे मुख्यमंत्री ने कहा कि सीबीआई जांच करवाने से पहले हरियाणा की एजेंसियां कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पारदर्शी ढंग से काम कर रही हैं। प्रदेश का नागरिक बिना भय के सुखमय जीवन व्यतीत करे, यह सरकार का प्रयास है। उन्होंने कहा कि किसी भी अपराध को सहन नहीं किया जाएगा और अपराधी के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सरकारी और गैर सरकारी कॉलेजों में लड़कियों को निशुल्क शिक्षा मुहैया करवाई जा रही है।

इस मौके पर नाडा साहिब गुरुद्वारा जत्थेदार बलजीत सिंह ने मुख्यमंत्री का अभिवादन करते हुए प्रकाश पर्व पर मुख्यमंत्री को सरोपा भेंट कर सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी का चुनाव करवाने का निर्णय किया है, इसके लिए मुख्यमंत्री बधाई के पात्र हैं। प्रदेश के 40 वार्डों में पहली बार 19 जनवरी को मतदान होगा। इस मौके पर पूर्व मंत्री कंवरपाल गुर्जर सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

कश्मीर में रातभर हुई बर्फबारी के बाद पारा अब शून्य से है नीचे

(एजेन्सी)।

कश्मीर। कश्मीर में रातभर हुई बर्फबारी के बाद रात का तापमान कई डिग्री तक बढ़ गया, हालांकि पारा अब भी शून्य से नीचे है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने बताया कि श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि इससे पिछली रात को न्यूनतम तापमान शून्य से 2.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया था।

उत्तरी कश्मीर में स्कीइंग गतिविधियों के लिए प्रसिद्ध पर्यटक स्थल गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, हालांकि यहां पिछली रात भी यही तापमान था। मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में न्यूनतम तापमान बढ़कर शून्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि पिछली रात यह शून्य से 3.2 डिग्री नीचे था। काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि पंपोर के

कोनीबल में न्यूनतम तापमान शून्य से 1.0 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

विभाग ने बताया कि उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान शून्य से 0.3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि दक्षिणी कश्मीर के कोकेरनाग में तापमान शून्य से 0.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। कश्मीर इस समय भीषण ठंड की अवधि चिल्ला ए-कलां की चपेट में है जो 21 दिसंबर से शुरू हुआ। चिल्ला-ए-कलां की 40 दिनों की अवधि के दौरान बर्फबारी की संभावना सबसे अधिक होती है और तापमान काफी घट जाता है। चिल्ला-ए-कलां अगले साल 30 जनवरी को खत्म हो जाएगा, लेकिन शीतलहर जारी रहेगी। 40 दिनों के चिल्ला-ए-कलां के बाद 20 दिवसीय चिल्ला-ए-खुर्द और 10 दिन का चिल्ला-ए-बच्चा भी होगा जब घाटी में ठंड में धीरे-धीरे कमी आएगी।

संक्षिप्त समाचार

ताज में फिर मचा हड़कंप!

महाराष्ट्र (एजेन्सी)। महाराष्ट्र के मुंबई में पुलिस ने प्रतिष्ठित ताज महल पैलेस होटल



के पास एक ही नंबर प्लेट के साथ खड़ी दो कारों की जांच शुरू कर दी। मुंबई के कोलाबा में होटल के बाहर मिली एक ही नंबर प्लेट वाली दो कारों को वाहन चालक सहित वहां के पुलिस स्टेशन ले जाया गया। कोलाबा पुलिस ने कहा कि नरीमन पॉइंट के रहने वाले साकिर अली के पास MH01 EE 2388 नंबर प्लेट वाली अर्टिगा है और वह कार के असली मालिक हैं। जब वह गेटवे ऑफ इंडिया के सामने थे, साकिर अली को उसी मॉडल और नंबर प्लेट वाली एक और अर्टिगा कार मिली, जिसके बाद उन्होंने पास के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) को सूचित किया। दोनों कारों को कोलाबा पुलिस स्टेशन लाया गया और जांच के बाद पता चला कि नवी मुंबई के सीवुड्स के रहने वाले प्रसाद कदम ने जानबूझकर अपनी कार की नंबर प्लेट में बदलाव किया था क्योंकि उन्होंने चोल मंडलम से कार लोन लिया था। कोलाबा पुलिस ने कहा, मैं इसका भुगतान करने में असमर्थ हूं। अधिकारी ने कहा कि ड्राइवरों के बयान दर्ज किए गए हैं और उनके द्वारा दिए गए विवरण के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इंडिया गेट का नाम बदलकर भारत माता द्वार करने की उठी मांग

नई दिल्ली (एजेन्सी)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने इंडिया गेट का नाम बदलकर 'भारत माता द्वार' करने की मांग की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित पत्र में सिद्दीकी ने इस बात पर जोर दिया कि यह बदलाव भारत के शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सिद्दीकी ने कहा कि प्रतिष्ठित संरचना का नाम बदलकर 'भारत माता द्वार' रखना राष्ट्र की भावना को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करेगा और देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वालों के बलिदान का सम्मान करेगा। नई दिल्ली में कर्तव्य पथ के पास स्थित इंडिया गेट, भारतीय सेना के लगभग 75,000 सैनिकों के बलिदान का सम्मान करते हुए एक गंभीर युद्ध स्मारक के रूप में खड़ा है। इन सैनिकों ने प्रथम विश्व युद्ध (1914-1921) के दौरान फ्रांस, फ़्लैंडर्स, मेसोपोटामिया, फारस, पूर्वी अफ्रीका, गैलीपोली और निकट और सुदूर पूर्व के अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ तीसरे एंग्लो के दौरान अपने जीवन का बलिदान दिया।

महाराष्ट्र को जल्द ही मिलेंगे 200 से अधिक फ्लाईओवर : अंडरपास

महाराष्ट्र (एजेन्सी)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शहर के बुनियादी ढांचे के संबंध में एक बड़ी घोषणा की और कहा कि राज्य को जल्द ही 200 से अधिक फ्लाईओवर, अंडरपास मिलेंगे। उन्होंने रविवार (5 जनवरी) को महाराष्ट्र रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा निर्मित सात फ्लाईओवरों का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। फडणवीस ने राज्य में फ्लाईओवरों के तेजी से निर्माण में एक नया मानदंड स्थापित करने के लिए महारेल की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के स्वामित्व वाली कंपनी की योजना निकट भविष्य में 200 फ्लाईओवर और अंडरपास को पूरा करने की है। आयोजन के दौरान, मुख्यमंत्री ने बुनियादी ढांचे के विकास में महाराष्ट्र की अग्रणी स्थिति पर प्रकाश डाला, जिसमें देश में मेट्रो सिस्टम, सड़कों, राजमार्गों, हवाई अड्डों और बंदरगाहों तक सबसे अधिक निमार्णाधीन परियोजनाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि वर्तमान में, महाराष्ट्र में देश में सबसे अधिक निमार्णाधीन बुनियादी ढांचा परियोजनाएं तेज गति से चल रही हैं, चाहे मेट्रो, सड़कें, राजमार्ग, हवाई अड्डे या बंदरगाह हों।

पुलिस ने मुठभेड़ के बाद शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया

प्रतापगढ़ (एजेन्सी)। प्रतापगढ़ जिले में हथिगंवा थाने की पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि थाना क्षेत्र के तहत आने वाले बिहरिया अंडरपास धीमी गांव के निकट रविवार रात वाहनों की जांच के दौरान हुई मुठभेड़ में हिमांशु यादव घायल हो गया। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) संजय राय ने बताया कि थाना हथिगंवा प्रभारी निरीक्षक नन्दलाल सिंह पुलिस बल के साथ बिहरिया अंडरपार धीमी गांव के निकट वाहनों की जांच कर रहे थे जिस दौरान, इन बदमाशों ने गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस की जवाबी गोलीबारी में बदमाश हिमांशु यादव पैर में गोली लगने से घायल हो गया तथा उसे गिरफ्तार कर लिया गया और उसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा और कारतूस बरामद किया गया, जबकि इसका साथी फरार होने में सफल रहा है। उन्होंने बताया कि घायल आरोपी के विरुद्ध संगीन अपराध के सात मुकदमे दर्ज हैं। घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती

सम्पादकीय

गरीब-अमीर

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू देश के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं। उनके पास 931 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति है। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू दूसरे नंबर पर हैं। उनके पास 332 करोड़ रुपये से अधिक की कुल संपत्ति है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया तीसरे नंबर पर हैं। उनके पास 51 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति है। यह खुलासा एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट में किया गया है। देश के 31 मुख्यमंत्रियों की कुल संपत्ति 1,630 करोड़ रुपये है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि प्रति मुख्यमंत्री की औसत संपत्ति 52.59 करोड़ रुपये है। भारत की प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय आय या एनएनआई 2023-2024 के लिए लगभग 1,85,854 रुपये थी, जबकि एक मुख्यमंत्री की औसत स्व-आय 13,64,310 रुपये है, जो भारत की औसत प्रति व्यक्ति आय का लगभग 7.3 गुना है। वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सिर्फ 15 लाख रुपये की संपत्ति के साथ सबसे कम संपत्ति वाली मुख्यमंत्री हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला 55 लाख रुपये की संपत्ति के साथ सूची में दूसरे सबसे गरीब मुख्यमंत्री हैं। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन 1.18 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ तीसरे सबसे कम संपत्ति वाले मुख्यमंत्री हैं। मुख्यमंत्रियों की इस सम्पत्ति का खुलासा चुनाव आयोग में दिए गए सम्पत्ति के ब्यौरे से हुआ है। गौरतलब है कि चुनाव आयोग के पास ऐसा कोई तरीका नहीं है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि जो जानकारी दी है, वह सही या कुछ छिपाया गया है। दरअसल देश के नेता चुनाव आयोग को वही जानकारी देते हैं, जिसे वे आयकर रिटर्न में भरते हैं। देश में आयकर रिटर्न भरने वाले भी आयकर और प्रवर्तन निदेशालय के जाल में फंसते रहे हैं। सिर्फ रिटर्न फाइल कर लेने मात्र से किसी की सम्पत्ति या आय दूध की धुली नहीं हो जाती। यदि ऐसा ही होता तो देश के सैकड़ों नेता ईडी, सीबीआई और आयकर के लपेटे में नहीं आते। हालांकि इनके जाल में फंसने के बाद नेता यही राग अलापते रहे हैं कि विपक्ष में होने के कारण उन्हें जानबूझ कर फंसाया गया है। विपक्षी दलों के दिग्गज नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण केंद्र में सत्तारुढ़ भाजपा और उसके सहयोगी दलों पर भी सवाल उठते रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या सत्तारुढ भाजपा और उसके सहयोगियों में सभी ईमानदार हैं। चन्द्रबाबू नायडू और नीतिश कुमार के समर्थन से बहुमत में केंद्र की भाजपा सरकार में क्या इतना साहस है कि इनके दलों के नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार को लेकर कोई कार्रवाई कर सके। क्या यह संभव है कि इन दोनों दलों के नेताओं के भ्रष्टाचार की जानकारी केंद्रीय जांच एजेंसियों को नहीं हो। यही वजह है कि जांच एजेंसियों पर दुर्भावना से कार्रवाई करने के आरोप लगते रहे हैं। विपक्षी दलों का यह भी आरोप है कि जिन विपक्षी नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया, उनके मामले रफा-दफा कर दिए गए। 2014 से 2022 तक ईडी के निशाने पर रहे क?ीब 95 फीसदी यानी 115 नेता विपक्ष से थे। हालांकि ये आंकड़े 2022 तक के ही हैं। इसके बाद 2023 में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए थे और इस दौरान विपक्षी दलों ने अलग-अलग राज्यों पर हुई ईडी, सीबीआई की छापेमारी को राजनीति से प्रेरित बताया था। वर्ष 2004-14 में 26 नेताओं से ईडी ने पूछताछ की थी। इनमें क?ीब 54 फीसदी यानी 14 नेता विपक्ष से थे। यह संभव है कि मुख्यमंत्रियों और दूसरे नेताओं ने सम्पत्ति व्यवसायों के जरिए अर्जित की हो, या फिर पुश्तैनी हो। इसके बावजूद इतनी भारी सम्पत्ति होना देश में गरीबी की जीवन रेखा से नीचे रहने वालों को मुंह तो चिढ़ाती है। जबकि नेता आम लोगों के प्रतिनिधित्व का दावा करते हैं। वर्ष 2023 बहुआयामी गरीबी सूचकांक रिपोर्ट में पाया गया है कि दुनिया के सभी गरीब लोगों में से एक तिहाई से अधिक दक्षिण एशिया में रहते हैं-जो लगभग 12.9 करोड़ लोग हैं। भारत इस संख्या में महत्वपूर्ण योगदान देता है, जो अत्यधिक गरीबी में लगभग 70 प्रतिशत की वृद्धि के लिए जिम्मेदार है। विश्व बैंक अंतर्राष्ट्रीय गरीबी रेखा के आधार पर गरीबी को परिभाषित करता है, जिसके अनुसार प्रति व्यक्ति प्रति दिन 2.15 डॉलर की दर से अत्यधिक गरीबी तय की जाती है, जबकि 3.65 डॉलर निम्न-मध्यम आय श्रेणी में आता है, तथा 6.85 डॉलर उच्च-मध्यम आय श्रेणी में वगीर्कृत किया जाता है। वैश्विक निर्धारित गरीबी रेखा 3.65 डॉलर प्रति व्यक्ति है। भारत का योगदान वैश्विक गरीबी दर में मामूली वृद्धि के 40 प्रतिशत के बराबर है, जो 23.6 प्रतिशत से बढ़कर 24.1 प्रतिशत हो गई है। भारत में गरीबी दर मिटाने के मामले में केरल सबसे आगे है। केरल में सिर्फ.0.71 प्रतिशत आबादी गरीब है।

जयंती

चंद्रशेखर वेंकट रामन

जन्म: 7 नवम्बर, 1888; मृत्यु: 21 नवम्बर, 1970) पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने वैज्ञानिक संसार में भारत को ख्याति दिलाई। प्राचीन भारत में विज्ञान की उपलब्धियाँ थीं, जैसे-शून्य और दशमलव प्रणाली की खोज, पृथ्वी के अपनी धुरी पर घूमने के बारे में तथा आयुर्वेद के फारमूले इत्यादि। मगर पूर्णरूप से विज्ञान के प्रयोगात्मक कोण में कोई विशेष प्रगति नहीं हुई थी। रामन ने उस खोये रास्ते की खोज की और नियमों का प्रतिपादन किया जिनसे स्वतंत्र भारत के विकास और प्रगति का रास्ता खुल गया। रामन ने स्वाधीन भारत में विज्ञान के अध्ययन और शोध को जो प्रोत्साहन दिया उसका अनुमान कर पाना कठिन है।

पुण्यतिथि

सी. सुब्रह्मण्यम

जन्म-30 जनवरी, 1910, कोयम्बटूर; मृत्यु-7 नवम्बर, 2000) भारत में "हरित क्रांति के पिता" कहे जाते हैं। जब भारत को आजादी प्राप्त हुई, उस समय देश में खाद्यान्न उत्पादन की स्थिति बड़ी शोचनीय थी। कई स्थानों पर अकाल पड़े। बंगाल, बिहार तथा उड़ीसा में अनेक लोग भुखमरी के शिकार हुए और काल का ग्रास बन गये। जब सी. सुब्रह्मण्यम को केन्द्र में कृषि मंत्री बनाया गया, तब उन्होंने देश को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएँ क्रियान्वित कीं। उनकी बेहतर कृषि नीतियों के कारण ही 1972 में देश में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन हुआ। सी. सुब्रह्मण्यम की नीतियों और कुशल प्रयासों से ही आज देश खाद्यान्न उत्पादन में पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर हो चुका है।

कल मिलेंगे

पति दारू पीकर रात को घर देरी से पहुंचा, तो पत्नी हाथ में झाड़ू लेकर सामने खड़ी थी...!

पति-कितना काम करेगी तू...? ला ये झाड़ू मुझे दे दे, रात के दो बजे हैं, सोना नहीं है क्या...? कुछ तो अपना ख्याल कर पगली...!

ये सुनकर बेचारी पत्नी की आंखों में आंसू आ गए...!

संजना भारती दैनिक

भगवान शंकर जी के 11वें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-**संजय कुमार** द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-41, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित तथा ए-281सी, गली नं. 3, ए-ब्लॉक, अम्बिका विहार, शिव विहार, दिल्ली-110094 से प्रकाशित। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत संपादक उत्तरदायी।

RNI No. : DELHIN/2016/70240

Phone No.: 9871221635

E-mail ID: sanjanabharati16@gmail.com

(किसी भी वाद-विवाद में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही होगा।)

युद्ध एवं आतंक से जूझती दुनिया में शांति का उजाला हो

वैसे युद्ध एवं आतंकवाद किसी भी देश के लिए लाभदायक सिद्ध नहीं होता है क्योंकि उसमें जीत-हार तो बाद की बात है, पहले इसमें मानवता को हानि और क्षति होती है। इसलिए युद्ध एवं आतंक न केवल मृत्यु और विनाश का कारण बनते हैं, बल्कि स्थायी शारीरिक और मानसिक विक्षिप्तता का कारण बनते हैं, विकास का अवरोध होता है, पर्यावरण-विनाश का कारण होता है

-ललित गर्ग

नव वर्ष 2025 की शुरूआत दुनिया के लिए शांति, अमनचैन, अयुद्ध और समृद्धि का वर्ष बनने की कामना के साथ हुई लेकिन अमेरिका में नए साल के पहले ही दिन हुए आतंकी ट्रक अटैक में 15 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए। न्यू ऑरलियन्स में हुए इस कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले ने शांति एवं अमनचैन के दुनिया के मनसूंबों पर पानी फेर दिया। न्यू ऑरलियन्स में हुए इस आतंकी हमले को 42 वर्षीय अमेरिकी नागरिक शम्सुद्दीन जब्बार ने अंजाम दिया, जिसे इस्लामिक स्टेट-आईएसआईएस समर्थक माना जा रहा है क्योंकि उसकी गाड़ी से इस्लामिक स्टेट (आईएस) से जुड़े कुछ दस्तावेज मिले हैं। इस हमले की जांच आतंकवादी कृत्य के रूप में कर रहे हैं। जब्बार पुलिस की गोलीबारी में मारा गया।

बात केवल अमेरिका में हुए इस आतंकी हमले की नहीं है। समूची दुनिया युद्ध और शांति, आतंक एवं आनन्द, हिंसा और अहिंसा, भय और अभय के बीच झूलस रही है। दुनिया में कई सत्ताएं युद्धरत हैं, जबकि ज्यादातर लोग शांति चाहते हैं। अजीब अंतर्विरोध एवं विरोधाभास देखने को मिल रहा है। शांति का मतलब सिर्फ. युद्ध का अभाव नहीं होता, बल्कि एक ऐसा वातावरण होता है जहां गतिशील, मजबूत, सौहार्दपूर्ण और संपन्न समाज का निर्माण होता है। ऐसे समाजों में मानव क्षमता का अधिकाधिक इस्तेमाल होता है और जीवन शांति एवं सहजीवन के रूप में व्यतीत होता है। विडम्बना देखिये कि ज्यादातर लोग शांति, अमन-चैन चाहते हैं फिर भी युद्ध प्रेमी सत्ताएं व्यापक जन-समर्थन हासिल करती जा रही है। विश्व में उथल पुथल कई मोर्चों पर चली रहती है जिस पर दुनिया का ध्यान आकर्षित होता रहता है। साथ में ही इसका प्रभाव शेष विश्व पर भी पड़ता है, लेकिन विश्व में शांति के लिए संघर्ष जिस बड़े पैमाने पर हो रहे हैं युद्ध एवं आतंक भी उससे बड़े पैमाने पर पनप रहे हैं। इस समय कम से कम दो लंबे युद्ध चल रहे हैं। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को तीन साल होने वाले हैं, जबकि गाजा और इस्राइल के युद्ध को भी एक साल से ज्यादा का समय हो चुका है। संसार लगभग चुपचाप, लाचार यह नरसंहार देख रहा है। युद्ध में केवल बर्बरता, लाशें, आग, मलबा और रॉकेट दिख रहे हैं। लोग बेबस हैं, बच्चे अचंभित हैं, औरतों के साथ बर्बरता हो रही है। फिर भी, इन युद्धों को रोकने की कोई सार्थक एवं प्रभावी पहल नहीं हो रही। क्या संसार ने युद्ध की अनिवार्यता और शांति की असंभावना को स्वीकार कर लिया है?

पूरा विश्व इस बीच दो गुटों में बंट चुका है। कुछ देश शांति का समर्थन कर रहे है तो कुछ मौन होकर युद्ध की अनिवार्यता को स्वीकार रहे हैं। लेकिन युद्ध के मुख्य किरदार एक-दूसरे के अस्तित्व को ही मिटाने की जिद्द में गोला-बारूद दाग रहे हैं। मानो एक-दूसरे का नामोनिशान ही मिटा देंगे, लेकिन इस बीच खुद को बचाने के लिए कुछ लोग बंकरों में छिप रहे हैं तो कुछ मातृभूमि की रक्षा के लिए युद्ध के मैदान में लड़ रहे हैं। युद्ध किसी का भी हो, जख्म बच्चों, महिलाओं एवं निदोर्षों को ही ज्यादा मिलते हैं। युद्ध दो देशों के बीच भले हो, लेकिन इससे समूचा विश्व आहत है, प्रभावित है। इतने व्यापक विनाश, क्रूरता, हिंसा की संसार अनदेखी कैसे कर रहा है, यह प्रश्न मानव के अस्तित्व एवं अस्मिता से जुड़ा होकर भी इतना सून कैसे हैं?

वैसे युद्ध एवं आतंकवाद किसी भी देश के लिए लाभदायक सिद्ध नहीं होता है क्योंकि उसमें जीत-हार तो बाद की बात है, पहले इसमें मानवता को हानि और क्षति होती है। इसलिए युद्ध एवं आतंक न केवल मृत्यु और विनाश का कारण बनते हैं, बल्कि स्थायी शारीरिक और मानसिक विक्षिप्तता का कारण बनते हैं, विकास का अवरोध होता है, पर्यावरण-विनाश का कारण होता है। इक्कीसवीं सदी अपनी निष्ठुरता, अमानवीयता एवं क्रूरता में इतना बेमिसाल और अभूतपूर्व होगी, ऐसी उम्मीद शायद ही किसी ने की हो। शांति की तलाश में लगी दुनिया के लिये युद्ध इतने अनिवार्य कैसे हो गये, यह एक गंभीर प्रश्न है।

पृथ्वी पर जीवन अनमोल और अद्वितीय है। तार्किक रूप से, हम अपनी सभ्यता की प्रगति के ऐसे चरण में हैं कि हमें युद्धों के निहितार्थों को जानना चाहिए और उन्हें होने ही नहीं देना चाहिए। युद्धों में कोई वास्तविक विजेता नहीं होता है क्योंकि इसमें शामिल सभी पक्षों को परिणाम भुगतना पड़ता है जिसमें अक्सर दोनों पक्षों के हताहतों की संख्या अधिक होती है। यह समय मानवता के दुष्काल एवं आपातकाल का समय है, जिसमें युद्धरत होते देशों को मानवीय मूल्यों से हाथ धोना पड़ता है। उन देशों की तो क्षति होती ही है, इसका असर दूसरे देशों पर भी पड़ता है, चाहे वह आर्थिक तौर पर हो, राजनीतिक, सामाजिक या नैतिक तौर पर हो, युद्धों से होने वाली क्षति की कभी भी भरपाई नहीं हो पाती। सारे संसार में जिस तरह लोकतंत्र का हरण और पूंजीवाद का उत्कर्ष हो रहा है, उसमें शांति के लिए प्रयास धुंधले पड़ रहे हैं। युद्ध चाहे कोई भी हो, कौनसा भी हो, लेकिन वह कभी भी किसी भी देश की लोकतांत्रिक राजनीति, समाजव्यवस्था और अर्थव्यवस्था के लिए ठीक नहीं होता। एक युद्ध जिन देशों के बीच में छिड़ता है, केवल उनकी ही नहीं बल्कि पूरे विश्व की शांति भंग करता है, इसका उदाहरण यूक्रेन-रूस तथा इजरायल-हमास युद्ध के परिणामों से विश्व मानवता पर पड़ रहे दुष्प्रभाव से आंकना होगा। यह जंग सिर्फ अब रॉकेट और मिसाइल के दम पर नहीं लड़ी जा रही है, बल्कि यह जंग साइबर वर्ल्ड में भी पहुंच चुकी है, जो अधिक घातक है।

यह कोई पहला मौका नहीं है, जब कोई जंग असल दुनिया से लेकर साइबर वर्ल्ड तक पहुंची हो। यूक्रेन और रूस के युद्ध में भी हमने साइबर अटैक के कई मामले देखे हैं। ऐसा ही कुछ हमास और इजरायल के बीच होता दिख रहा है। हाल में हमास ने इजरायल पर अचानक हमला किया। इस हमले में सैकड़ों लोगों की मौत हुई है। इनमें सैनिकों से लेकर आम आदमी तक सभी शामिल हैं। उनके ऊपर कई साइबर अटैक हुए हैं। फोन ऐप को टार्गेट किया गया। इसके अलावा कई दूसरे मामले भी देखने को मिले हैं। इजरायल का रेड अलर्ट फोन ऐप सिस्टम भी साइबर अटैक का शिकार हुआ है। इस ऐप की मदद से इजरायल में रॉकेट और मिसाइल हमले के वक्त रियल टाइम अलर्ट मिलता है। ये चीजें बताती हैं कि जंग का अंजाम कितना घातक होता है।

अब परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का खतरा भी बढ़ गया है कि यूक्रेन को इतने लंबे समय से झुकता न देख रूस का अहं चोट खा रहा है। हालांकि परमाणु हथियारों के दुष्परिणामों से दोनों देश अनजान नहीं हैं। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने जैसा है। ऐसे युद्ध का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देगा, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने का भी बड़ा कारण बनेगा। इसलिये दुनिया अब युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला चाहती है। दुर्भाग्य को मिटाकर सौभाग्य का उजाला करना होगा, जिसमें मानवीय संबंध, संवाद, सहकार, टीवी चैनल, सिनेमा, त्योहार, साहित्य, कलाएं- सभी शांति की विधाएं बनने लगे। नववर्ष में इसकी सार्थक शुरूआत हो एवं नये शांति के सूरज का अभ्युदय हो।

आदमी अब घर से बाहर क्या खाएं?

प्रेस को यह भी बताया गया कि फैक्टरी में भारी मात्रा में बना हुआ घी, कच्चा माल, कई कंपनियों के स्टीकर, प्रयोग की जाने वालीं मशीन, पैकिंग मशीन आदि बरामद की गई हैं। बरामद माल की कीमत करोड़ों में बताई जा रही है। पुलिस फैक्टरी के संचालक और कर्मचारियों के विरुद्ध अपनी तरफ से मुकदमा दर्ज कर रही है। एफएसडीए की टीम को भी कार्रवाई के लिए बुलाया गया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है

-अशोक मधुप

हाल में खबर आई है कि आगरा में 18 प्रसिद्ध और बड़ी कंपनियों के नाम से नकली घी तैयार हो रहा था। तैयार घी की पूरे यूपी समेत कई प्रदेशों में सप्लाई होती थी। इस घी से बाजार में फास्ट फूड तैयार होते हैं। पहले भी समय-समय पर नकली घी पकड़ा जाता रहा है। बाजार में पनीर, दूध, मावा और अन्य खाद्य पदार्थ के नकली होने की शिकायतें मिलती रहती हैं। आटा, दाल और अन्य खाद्य सामान भी घटिया क्वालिटी का पकड़ा जाता रहा है। पिछले कुछ समय से खाने या पानी में थूकने, पेशाब करने, खाने के बर्तन को नाली के पानी में धोने की शिकायते रहीं हैं। ऐसे में प्रश्न पैदा होता है कि आदमी घर से बाहर अब क्या खाएं? सफर में पेट भरने के लिए आदमी क्या करें? क्या हमें पुरानी स्थिति पर जाना होगा, जब आदमी घर से ही खाना लेकर चलता था। घर का खाना खत्म होने पर फल खाकर काम चलाता था, किंतु बाजार का नहीं खाता था। या अब उसे घर से बड़ी कंपनियों के रेटीमेड फूट पैकेट लेकर चलने होंगे?

आगरा के ताजगंज के मारुति सिटी रोड पर नवविकसित कॉलोनी के प्लॉट में नकली देसी घी तैयार करके पूरे प्रदेश में सप्लाई किया जा रहा था। पुलिस और एसओजी की टीम ने छापा मारकर अमूल, मधुसूदन, पतंजलि सहित 18 मशहूर ब्रांडों के नाम की पैकिंग में नकली देसी घी जब्त किया है। इसमें रिफाइंड व अन्य कैमिकल की मिलावट की जा रही थी। फैक्टरी के मैनेजर सहित पांच लोग गिरफ्तार किए हैं। डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय ने बताया कि मारुति सिटी रोड पर मारुति प्रभासम कॉलोनी में राजेश अग्रवाल नामक व्यक्ति के प्लॉट में टिन शेड डालकर फैक्टरी संचालित की जा रही थी। प्लॉट किराए पर ले रखा था। पूछताछ में बताया गया कि ग्वालियर निवासी बृजेश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, नीरज अग्रवाल का प्योर इट के नाम से देसी घी का ब्रांड है। उन्होंने करीब छह माह पूर्व फैक्टरी खोली थी। कॉलोनी के राजेश भारद्वाज को मैनेजर बनाया था। बाजार से जिस ब्रांड की डिमांड मिलती थी, उसी ब्रांड के स्टिकर लगाकर टिन और डिब्बों में पैक कर दिया जाता था।

प्रेस को यह भी बताया गया कि फैक्टरी में भारी मात्रा में बना हुआ घी, कच्चा माल, कई कंपनियों के स्टीकर, प्रयोग की जाने वालीं मशीन, पैकिंग मशीन आदि बरामद की गई हैं। बरामद माल की कीमत करोड़ों में बताई जा रही है। पुलिस फैक्टरी के संचालक और कर्मचारियों के विरुद्ध अपनी तरफ से मुकदमा दर्ज कर रही है। एफएसडीए की टीम को भी कार्रवाई के लिए बुलाया गया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि छापे से कुछ देर पहले ही नकली देसी घी के 50 टिन की खेप मेरठ भेजी गई थी। इस माल की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि नकली देसी घी प्रदेश के अलावा आसपास के राज्यों में सप्लाई किया जा रहा था। पॉम आयल, रिफाइंड, वनस्पति और एसेंस से तैयार हो रहा था। सुगंध असली घी जैसी और दाने भी रवेदार, एकबारगी तो पुलिस टीम को भी असली घी का भ्रम हुआ। डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय ने बताया कि वह खुद मौके पर पहुंचे। सबसे पहला सवाल यह किया कि घी कैसे बनाते थे। आरोपियों ने बताया कि देसी घी की लोगों को पहचान नहीं है। कोई खुशबू देखता है तो कोई दाने। वो लोग पॉम ऑयल, रिफाइंड, वनस्पति घी, कैमिकल को मिलाकर देसी घी तैयार किया करते थे। उसमें एसेंस मिलाते थे। ताकि खुशबू आए। मौके से एक्सपाइरी डेट का रिफाइंड भी मिला। पुलिस ने आरोपियों से पूछा कि इसको क्यों खरीदा। मजदूरों ने बताया कि एक्सपाइरी डेट का माल सस्ता मिलता है। जब वे देसी घी बनाते थे तो इस रिफाइंड का भी प्रयोग करते थे।

आगरा पुलिस के अनुसार बिल्टियों की जांच में पता चला कि नकली देसी घी को राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, असम व बिहार के अलावा उत्तर प्रदेश के दो दर्जन से ज्यादा शहरों के फास्ट फूड बाजारों में सीधे बेचा जाता था। इसी घी से डोसा, भल्ले, समोसे और आमलेट तक बनाया जाता था। खाद्य और औषधि विभाग ग्वालियर के अनुसार रामनाथ अग्रवाल व उनके परिवार के लोग पहले नकली घी के कारोबार में लिप्त थे और रासुका भी लगी थी। 2010 के बाद से इन्होंने ग्वालियर छोड़ दिया था। इससे पहले 24 नवंबर 2023 को दिल्ली पुलिस ने द्वारका में एक ऐसी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है, जहां मिलावटी घी बनाया जाता था और उसे पतंजलि, मदर डेयरी और अमूल जैसे ब्रांड का स्टिकर लगे हुए कंटेनर में भरकर बेचा जाता था। बाबा रामदेव की नामी-गिरामी कंपनी पतंजलि ब्रांड गाय के घी का सैंपल खाद्य सुरक्षा और औषधि विभाग के द्वारा साल 2021 में दीपावली के पर्व पर टिहरी जनपद के घनसाली में एक दुकान से सैंपल भरा गया था। इसके बाद सैंपल को राज्य की प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया तो, सैंपल फेल पाया गया। खाद्य संरक्षा विभाग के द्वारा कंपनी को नोटिस जारी किया तो, कंपनी ने राज्य की लैबोरेट्री को रिपोर्ट को गलत साबित किया। खाद्य संरक्षा विभाग के द्वारा केंद्रीय प्रयोगशाला में सैंपल भेजा गया तो केंद्रीय प्रयोगशाला में भी बाबा रामदेव की पतंजलि ब्रांड गाय के घी का सैंपल फेल पाया गया।

आज लोगों का घर से निकलना, घूमना, यात्र करना, विभागीय कार्य से बाहर जाना आम बात है। इन लोगों को ऐसे में घर से बाहर ढ़ाबों, होटल और फास्ट फूड सैंटर से ही पेट भरना होता है। बाजार में नकली दूध पनीर की पहले ही शिकायत रही हैं। अन्य खाद्य पदार्थ की भी शुद्धता की कोई गारंटी नही। बिजनौर जनपद के चांदपुर क्षेत्र में पिछले साल नवरात्रि के अवसर पर बाजार में बिक रहे घटिया क्वालिटी का कूटू का आटा का खाकर काफी व्यक्ति पहले ही बीमार पड़ चुकें हैं। पिछले एक डेढ़ वर्ष से शिकायत मिल रही हैं कि कुछ लोग खाने में थूक रहे हैं। फलों पर पेशाब डालकर छिड़क रहे हैं। ब्रेड में थूका जा रहा है। खाने की सामग्री अपवित्र कर बेची जा रही है। मानव की फितरत रही है कम पैसा लगाकर ज्यादा से ज्यादा लाभ कमाना। उसे इससे कोई मतलब नहीं कि उसके द्वारा उत्पादित खाद्य सामग्री खाने से खाने वाले पर क्या असर पड़ेगा। नकली सामान तैयार करने वालों को इससे कोई लेना-देना नहीं कि उनके द्वारा तैयार नकली और निम्न क्वालिटी के सामान के प्रयोग करने वाला बीमार होगा या नहीं। क्या असर होगा। वह मरेगा या जिएगा।

इसे मिलावट को रोकने के लिए सरकार का आगे आना होगा। मिलावट करने वालों के खिलाफ कड़ी और आजीवन कारावास जैसी सजा, संपत्ति की जब्ती जैसी कार्रवाई अमल में लानी होगी। भोजन को अशुद्ध करने के मामले में धर्म गुरूओं को आगे आकर जनचेतना पैदा करनी होगी। यदि ऐसा न हुआ तो हो सकता है, कि आने वाले समय में आदमी आज से 100 साल पीछे की हालत में चला जाए। यह घर से खाना और सफर में तैयार किए जाने वाले खाने का सामान लेकर चलता। इस सामान के खत्म होने पर यह विवशता में फल आदि खाकर काम चलाता था, किंतु बाजार का कुछ नही खाता था।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

खेल/विदेश/कारोबार/फिल्म

शेख हसीना को अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने जारी किया दूसरा अरेस्ट वारंट

(एजेन्सी)।

बांग्लादेश। बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने सोमवार को अपदस्थ प्रधान मंत्री शेख हसीना और पूर्व सैन्य जनरलों और एक पूर्व पुलिस प्रमुख सहित 11 अन्य लोगों के खिलाफ जबरन गायब होने की घटनाओं में उनकी कथित भूमिका के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया। यह हसीना के खिलाफ आईसीटी द्वारा दूसरा गिरफ्तारी वारंट था, जो पिछले साल अगस्त में अभूतपूर्व सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद अवामी लीग शासन के पतन के बाद भारत भाग गई थी। ट्रिब्यूनल ने अब तक उसके खिलाफ तीन मामले दर्ज किए हैं।

आईसीटी के एक अधिकारी ने कहा न्यायाधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति एमडी गोलाम मुर्तुजा मजूमदार ने अभियोजन याचिका पर सुनवाई के बाद गिरफ्तारी वारंट जारी किया। पुलिस महानिरीक्षक को कई सौ लोगों के जबरन गायब होने की शिकायतों पर दायर मामले में हसीना सहित बारह लोगों को गिरफ्तार करने और 12 फरवरी को न्यायाधिकरण के समक्ष पेश करने का आदेश दिया गया था।

मामले में नामित लोगों में अपदस्थ प्रधानमंत्री के तत्कालीन रक्षा सलाहकार मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) तारिक अहमद सिद्दीकी और पूर्व आईजीपी बेनजीर अहमद भी शामिल हैं। सिद्दीकी फिलहाल हिरासत में है, जबकि अहमद फरार माना जा रहा है।

आईसीटी के मुख्य अभियोजक मोहम्मद ताजुल इस्लाम ने जांच और उनकी गिरफ्तारी के हित में अधिकांश आरोपियों के नामों का खुलासा नहीं किया।

इस्लाम ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि इस मामले की अगली सुनवाई भी 12 फरवरी को होनी है। ट्रिब्यूनल ने निर्देश दिया है कि जांच रिपोर्ट पूरी होने पर उसी दिन जमा की जाए।

इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में मोहम्मद शमी को नहीं मिलेगा मौका

(एजेन्सी)।

टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल के बाद से एक भी इंटरनेशनल मुकाबला नहीं खेला है। फैंस उनके कमबैक का इतंजार कर रहे हैं लेकिन शमी अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं। यही कारण है कि शमी इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी नहीं कर पा रहे। इसी बीच फैंस के लिए एक और बुरी खबर सामने आई है। दरअसल, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार शमी इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए भी स्क्वॉड में शामिल नहीं किए जाएंगे।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बात अब टीम इंडिया अपनी घरेलू सरजमीं पर इंग्लैंड की मेजबानी करेगी। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी20 और 3 मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी। टी20 सीरीज की शुरूआत 22 जनवरी से होगी, जबकि इसका समापन 2 फरवरी को मुंबई में खेले जाने वाले मैच से होगा।

इसके बाद दोनों टीमें 3 मुकाबलों की वनडे सीरीज में आमने-सामने होंगी। इस सीरीज का पहला मैच 6 फरवरी को नागपुर में खेला जाएगा। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की तैयारी के लिए टीम इंडिया के पास ये आखिरी मौका होगा। फैंस को उम्मीद थी कि शमी इस वनडे सीरीज के जरिए इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी करेंगे। लेकिन ऐसा नहीं हो पाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शमी अभी तक पूरी तरह से फिटनेस हासिल नहीं कर पाए हैं। इसी कारण से उन्हें स्क्वॉड में नहीं चुना जाएगा। शमी की गैरमौजूदगी में अर्शदीप सिंह को वनडे टीम में शामिल किया जा सकता है।

जॉर्ज सोरोस को अमेरिका ने दिया सर्वोच्च सम्मान

(एजेन्सी)।

अमेरिका। अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन, विवादित इन्वेस्टर जॉर्ज सोरोस, वोग की चीफ एडिटर एना विंटोर, वैज्ञानिक बिल नेई और ऐक्टर डेनजेल वॉशिंगटन समेत 19 लोगों को शनिवार को देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'प्रेसिडेशियल मेडल ऑफ फ्रीडम' प्रदान किया। यह मेडल उन लोगों को दिया जाता है जिन्होंने अमेरिका की समृद्धि, उसके मूल्यों, सुरक्षा, विश्व शांति को बढ़ावा देने में योगदान दिया हो या सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में अहम काम किए हों। जॉर्ज सोरोस की ओर से यह मेडल उनके बेटे एलेक्स सोरोस ने लिया। हालांकि, सोरोस को यह पुरस्कार देने के लिए मेक अमेरिका ग्रेट अगेन के समर्थकों और रिपब्लिकन नेतृत्व ने बाइडन की आलोचना की है। जॉर्ज सोरोस भारत में भी राजनीतिक टकराव के केंद्र में थे। दिसंबर में संसद के शीतकालीन सत्र में हंगामा देखने को मिला जब भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर सोरोस और उनके संगठनों से जुड़े होने का आरोप लगाया। नड्डा ने पार्टी प्रमुख सोनिया गांधी और सोरोस-वित्त पोषित पहल के बीच कथित संबंधों का हवाला देते हुए दावा किया कि कांग्रेस पार्टी भारत को अस्थिर करने के लिए विदेशी ताकतों के "उपकरण" के रूप में काम कर रही है। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोपों का खंडन करते हुए उन्हें निराधार बताया और भाजपा पर देश में गंभीर सामाजिक-आर्थिक मुद्दों से ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। तीखी नोकझोंक के कारण संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही कई बार स्थगित करनी पड़ी।

सोरोस को राष्ट्रपति पदक से सम्मानित

त्रि-स्तरीय एमओयू क्रियान्वयन में समयबद्धता एवं नियमों का हो पालनः भजनलाल शर्मा

एसबी संवाददाता

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान का आर्थिक विकास राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश को 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना हमारे प्रमुख संकल्पों में से एक है और इसे पूरा करने के लिए मजबूत कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में बड़े उद्योगों के साथ-साथ सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के आयोजन ने सभी प्रयासों को मजबूती एवं गति प्रदान की है।

श्री शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हुए एमओयू के क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि तीन श्रेणियों में विभक्त एमओयू के क्रियान्वयन के कार्य में समयबद्धता एवं नियमों का पालन किया जाए। उन्होंने उद्योग एवं वाणिज्य विभाग को निर्देशित किया कि एमओयू के क्रियान्वयन को गति प्रदान करने के लिए आवश्यक नियमावली बनाएं। साथ ही, मुख्यमंत्री कार्यालय को हर माह 11 व 26 तारीख को क्रियान्वयन की प्रगति रिपोर्ट भेजी जाए।

श्री शर्मा ने निर्देशित किया कि विभागीय शासन सचिव एमओयू क्रियान्वयन की सम्पूर्ण प्रक्रिया की निरंतर मॉनिटरिंग करें। जिला प्रभारी सचिव एवं जिला कलक्टर्स एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए निरंतर निवेशकों से संवाद स्थापित करते हुए मॉनिटरिंग करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी 10 दिन में 1 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि वाले एमओयू के लिए जमीन आवश्यकता के मामलों में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निवेशकों को दी जाने वाली सहूलियतें नियमानुसार उपलब्ध करायी जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निवेशकों से निरंतर सम्पर्क स्थापित कर उनकी प्राथमिक आवश्यकताओं को चिन्हित करें। साथ ही, विशेष रूप से नियमों के अनुसार ही एमओयू से संबंधित भू-आवंटन के प्रकरणों को प्राथमिकता से समय पर निस्तारित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि तीन श्रेणियों में चिन्हित निवेश एमओयू के क्रियान्वयन की समीक्षा प्रत्येक माह की जाएगी। वहीं निवेशक को भी एमओयू क्रियान्वयन की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट देखने की व्यवस्था की जाए। श्री शर्मा ने निर्देश दिए कि ऐसे एमओयू जिनमें एक से अधिक विभागों की स्वीकृति आवश्यक है, ऐसी स्थिति में सभी संबंधित विभाग क्रियान्वयन प्रक्रिया को आपसी सामंजस्य के साथ तीव्र गति से पूरा करें।

बैठक में मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त श्री अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) श्री शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग श्री अभिजात शर्मा, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) श्री आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव राजस्व श्री दिनेश कुमार, प्रमुख शासन सचिव स्वायत्त शासन श्री राजेश यादव, प्रमुख शासन सचिव खान एवं पैट्रोलियम श्री टी. रविकांत, प्रमुख शासन सचिव आयुर्वेद श्री भवानी सिंह देथा सहित विभिन्न विभागों के शासन सचिव उपस्थित रहे।

जनसमस्याओं से रुबरु हुई पूर्व विधायक अमिता भूषण

एसबी ब्यूरो

बेगूसराय नगर। क्षेत्र भ्रमण के माध्यम से सांगठनिक गतिविधियों को गतिशील बनाने और लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं के संकलन और निदान का पूर्व विधायक अमिता भूषण का कार्यक्रम कड़ाके की ठंढ के बाबजूद अनवरत जारी है। इस क्रम में भूषण वनद्वार पंचायत में वहां के स्थानीय लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान आकस्मिक मौत के शिकार हुए लोगों के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना देते हुए हर स्तर पर व्यक्तिगत और प्रशासनिक सुविधा उपलब्ध कराये जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान 10+2 स्तर के बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा शिक्षक भर्ती परीक्षा में सर्वोच्च स्थान पाने बाले नवनियुक्त शिक्षक हिटलर कुमार को श्रीमती भूषण ने सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी।

स्थानीय लोगों ने मुख्य रूप से ग्रामीण सड़कों के जर्जर हालत, बिजली बिल में आ रही समस्या, किसानों के लिये खाद की किल्लत जैसी समस्याओं से पूर्व विधायक को अवगत कराया। अपने स्तर पर पूर्व विधायक ने इन समस्याओ के निराकरण हेतु हर सम्भव प्रयास का भरोसा दिया। इस दौरान सदर प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह, शिवम कुमार, धीरज कुमार, कुमार रत्नेश टुल्लू, राघव कुमार सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

पोखरिया में सावित्रीबाई फुले जयंती सप्ताह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

सावित्रीबाई फुले जन्म दिवस को शिक्षिका दिवस घोषित करे भारत सरकारः पासवान

एसबी ब्यूरो

बेगूसराय। सावित्रीबाई फुले एक महान समाज सुधारक, शिक्षाविद् और महिला अधिकार कार्यकर्ता थीं। वह भारत की पहली महिला शिक्षिका और समाज सुधारक थीं। जिन्होंने महिलाओं और दलितों के बीच सबसे पहले शिक्षा और अधिकारों के लिए मार्ग प्रशस्त किया।

उक्त बातें एससी-एसटी, पिछड़ा, अल्पसंख्यक एकता मंच के राज्य संयोजक अरूण कुमार पासवान ने सावित्रीबाई फुले जयंती सप्ताह सह गुरु गोविंद सिंह जयंती के अवसर पर बेगूसराय नगर क्षेत्र के वार्ड नंबर 36 पोखरिया स्थित पंकज निवास के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा सावित्रीबाई फुले ने अपने पति के साथ मिलकर महिलाओं और दलितों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी। तो गुरु गोविंद सिंह ने मुगल काल में अपने धर्म की रक्षार्थ खालसा पंथ की स्थापना किया।

कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि एकता मंच के जिला अध्यक्ष सह कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजेन्द्र पासवान ने कहा सावित्रीबाई फुले को फातिमा शेख का सहयोग मिला और दोनों इतिहास में अमर हो गई। जब देश में महिलाओं को शिक्षा प्राप्त करना तो दूर उसके बारे में सोचना भी अपराध था। वैसे दौर में सन 1848 के दौरान भारत की पहली महिला शिक्षिका के रूप में काम करना शुरू किया। इसलिए भारत सरकार को सावित्रीबाई फुले के जन्म दिवस पर शिक्षिका दिवस घोषित करना चाहिए।

वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सह अधिवक्ता राजदेव पासवान ने कहा सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ने के अलावा दलितों और गरीबों के अधिकारों के लिए भी लड़ाई लड़ी। उन्होंने सती प्रथा और बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ भी आवाज उठाई। उनकी मृत्यु भी 10 मार्च 1897 को प्लेग महामारी के दौरान हुई थी। जब उन्होंने प्लेग के मरीजों की देखभाल करने के लिए अपनी जान जोखिम में डाल दिया था।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय मानवाधिकार मुंगेर प्रमंडल के अध्यक्ष रामविलास महतो, आप पार्टी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष किशोरी प्रसाद सिंह, राजद के नगर प्रवक्ता पवन गांधी, बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अमित कुमार, कांग्रेस अनुसूचित प्रकोष्ठ के जिला महासचिव भगवान पासवान आदि ने गुरू गोविंद सिंह एवं सावित्रीबाई फुले के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

मौके पर पूर्व मुखिया रामनरेश पासवान, वरिष्ठ कांग्रेसी मो कुद्दुस, रामसागर पासवान, मो इरशाद उर्फ जुगनू, मो शकील, सरोज कुमार आदि मौजूद थे।

गुरू गोविन्द सिंह जी के जीवन से सीख लें युवाः देवनानी

एसबी संवाददाता

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने कहा कि युवा पीढ़ी को गुरू गोविन्द सिंह जी के जीवन से सीख लेनी चाहिए। उन्होंने जिस तरह से सादगी, बलिदान एवं देश प्रेम का संदेश दिया। वह वर्तमान में युग में प्रासंगिक है और वर्तमान समय की सभी समस्याओं का हल है। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने सोमवार को श्री गुरू गोविन्द सिंह जयन्ती पर सिख समाज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने पवित्र गुरुवाणी सुनी, मत्था टेका और लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर श्री देवनानी ने कहा कि श्री गुरू गोविन्द सिंह सिक्खों के 10वे गुरू थे। उन्होंने अपने जीवन से त्याग, तपस्या और बलिदान की जो मिसाल पेश की वह इतिहास में सदैव याद की जाएगी। युवाओं को उनसे देश प्रेम के लिए सर्वस्व त्याग की सीख लेनी चाहिए। इस अवसर पर श्री नरेन्द्र सिंह छाबाड़ा, श्री तेजपाल सिंह साहनी, श्री सरबजीत छाबड़ा, श्री यशपाल बेदी सहित सिक्ख समाज के अनुयायी उपस्थित रहे।

मुखिया ने गरीब, असहाय व जरुरतमंदों के बीच 500 कंबल वितरण किया

एसबी ब्यूरो

मंसूरचक। प्रखंड के समसा दो पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष मो. इजहार अंसारी ने सोमवार को अपने आवास पर पंचायत क्षेत्र के बुजुर्ग, लाचार एवं गरीब गुरुबाओं के बीच पांच सौ से अधिक कंबल का वितरण किया। मुखिया मो. अंसारी ने बताया कि वह लगातार 15 वर्षों से गरीबों के बीच यह सेवा करते आ रहे हैं और लगातार करते रहेंगे। इस अवसर पर उप प्रमुख रंजीत कुमार सिंह पंचायत क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र के गणमान्य भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मुमताज बानों, मो. इकबाल, मो महफूज, मो महबूब, सुशील पासवान, घनश्याम चौधरी, कमलेश चौधरी, रामसगुन चौधरी, भूषण चौधरी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

मिशन शक्ति फेस 5 के अंतर्गत महिला आरक्षियों के साथ गोष्ठी का आयोजन

एसबी ब्यूरो प्रमुख इंतजार हुसैन

बदायूं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूँ डॉ. बृजेश कुमार सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर अमित किशोर श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन सभागार कक्ष में मिशन शक्ति फेज-5 के विशेष अभियान के तहत बदायूँ पुलिस की गठित टीम #शक्ति दीदी/बीट महिला आरक्षियों के साथ गोष्ठी कर महिला आरक्षियों को अपनी-अपनी आवंटित बीट में जाकर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के कल्याणार्थ प्रचलित योजनाओं एवं महिला सुरक्षा/सशक्तिकरण की जानकारी देने हेतु तथा महिला संबंधी अपराधो के प्रति जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया तथा महिलाओं को उनकी सुरक्षा व सम्मान के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे-वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्पलाइन नंबर-181, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, स्वास्थ्य सेवा-102, 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर-1076, चाइल्ड लाइन 1098, साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 आदि के बारे में जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया तथा बीट क्षेत्र मे आने वाली समस्याओ के बारे मे जानकारी की गयी तथा समस्याओ के निदान हेतु संबंधित थाना प्रभारियो के लिए निर्देश जारी किये गये।

शक्ति सदन फाउंडेशन के द्वारा वरिष्ठ साहित्यकारों का सम्मान समारोह आयोजित

एसबी ब्यूरो

बेगूसराय। शक्ति सदन फाउंडेशन ने देवरिया के 15 वरिष्ठ साहित्यकारों को साहित्य शिरोमणि सम्मान से नवाजा और साथ ही भारत के अलग-अलग राज्यों से भी अनेक कवियों को शामिल किया जिन्होंने अपनी अपनी प्रस्तुति बहुत ही शानदार तरीके से किया नागरी प्रचारिणी के सभागार में रविवार को आयोजित राष्ट्रीय कवि संगम में काव्य की रसधारा बही। कवियों ने कविता के माध्यम से आज के समाज में फैली व्यवस्था पर चोट किया। उन्होंने लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर किया व वाहवाही बटोरी।

शक्ति सदन फाउंडेशन की तरफ से आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह व विशिष्ट अतिथि नागरी प्रचारिणी सभा के मंत्री डा. अनिल त्रिपाठी, शुगर फैक्ट्री बैतालपुर के चेयरमैन अनिल मणि त्रिपाठी, राष्ट्रीय कवि संगम के प्रांतीय अध्यक्ष राजेश मिश्र प्रखर शामिल थे।

इस कार्यक्रम की आयोजक शक्ति सदन फाउंडेशन की डायरेक्टर डा. रीना मिश्रा ने देवरिया के वरिष्ठ साहित्यकारों को साहित्य शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया। कवि इंद्र कुमार दीक्षित ने काव्य पाठ किया।

प्रीतम कुमार झा ने सबके दिलों के दाता श्रीराम आ गए हैं सुनाया। क्षमा श्रीवास्तव ने हम रहें न रहें इस नए साल में याद मुझको न करना नए साल में प्रस्तुत किया। मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद थे।

बाबूलाल खराड़ी ने मातृकुंडिया में सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

एसबी संवाददाता

जयपुर। जनजाति क्षेत्रीय विकास एवं गृह रक्षा विभाग कैबिनेट मंत्री श्री बाबूलाल खराड़ी ने सोमवार को चित्तौड़गढ़ जिला स्थित मातृकुंडिया में सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। कैबिनेट मंत्री श्री खराड़ी ने कहा कि सामुदायिक भवन परिसर में डोम बनाया जाएगा। साथ ही, किसानों को कृषि कनेक्शन समय पर उपलब्ध हो

सके, इस हेतु भी प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को फिंगरप्रिंट के अभाव में राशन प्राप्त करने में कोई तकलीफ नहीं आए, इसकी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय परिश्रमी और विश्वासी समाज है। मातृभूमि के लिए आदिवासियों ने अनेकों बलिदान दिए हैं। इस अवसर पर उन्होंने राणा पूंजा के योगदान को भी याद किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि सहित, संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने चित्तौड़गढ़ दुर्ग का भ्रमण भी किया। दुर्ग भ्रमण के दौरान उन्होंने कुंभा महल, विजय स्तंभ सहित विभिन्न स्थलों का अवलोकन किया और दुर्ग से जुड़ी ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत की जानकारी ली।

दिल्ली में परेड देखने के लिए अजय का हुआ चयन

संजना भारती संवाददाता

डुमरांव। 'जल ही जीवन है' इस वाक्यां को चरितार्थ कर रहे जल पुत्र के नाम से विख्यात युवक और नगर परिषद के स्वच्छता और जल जीवन हरियाली के ब्रांड एम्बेसडर बनाए गए अजय राय को गणतंत्र दिवस पर दिल्ली के राज पथ पर परेड को देखने के लिए मिला है। अजय का चयन जल संरक्षण के क्षत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए भारत सरकार के नमामी गंगे द्वारा किया गया है। जिसके बाद अजय को चाहने वालो का बधाईयों का ताता लग गया है।



वही डुमरांव समेत जिले भर में अजय के इस उपलब्धि से हर्ष का माहौल बना हुआ है। अजय ने अपने इस कामनाबी का श्रेह माता पिता, गुरुजनों, जिले के लोगों के आलवे विशेष रूप से मीडिया को दिया है। बताते चलें की अजय लम्बे समय से जल संरक्षण अभियान चला रहे हैं। जिसके लिए कई बार उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित भी किया जा चुका है। अजय के इस कार्य के लिए नगर परिषद द्वारा नगर के राज गढ़ चौक पर उनके नाम का शिलापट्ट लगा उन्हें सम्मानित भी किया जा चुका है। लोगों का कहना है अजय एक होनहार और मेहनती लड़का है उनका शुरू से समाजिक कार्यों में रूचि रहा है।

सहकारिता मंत्री ने गोपाल क्रेडिट कार्ड एवं शिक्षा ऋण योजनाओं के चेक वितरित किए



एसबी संवाददाता

जयपुर। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन विभाग श्री गौतम कुमार दक ने बांसवाड़ा जिला स्थित गढ़ी और तलवाडा में आयोजित कार्यक्रम में बाँसवाड़ा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि. बाँसवाड़ा के गोपाल क्रेडिट कार्ड और शिक्षा ऋण योजनाओं के लाभार्थियों को चेक वितरित किए।

श्री गौतम कुमार दक ने कहा कि यह योजनाएं किसानों और विद्यार्थियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए बनाई गई हैं।

गोपाल क्रेडिट कार्ड के तहत किसानों को गोपालन के लिए ब्याज मुक्त ऋण मिलेंगे, जो उनके आर्थिक बोझ को कम करेगा। वहीं, शिक्षा ऋण योजना के माध्यम से छात्र अपनी उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे, जो उनके उज्जवल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करना है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग इन योजनाओं से लाभान्वित हो सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। मंत्री श्री दक ने अधिकारियों से इन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील की।

विभाग के कर्मचारियों द्वारा माही पुल पर सहकारिता मंत्री की अगवानी की गयी तत्पश्चात उन्होंने अधिकारियों से सहकारिता विभाग के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की गयी। मंत्री द्वारा सागवाडिया, गढ़ी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गोपाल क्रेडिट कार्ड के लाभार्थियों को चेक वितरित किये गये। इसके पश्चात उन्होंने माता त्रिपुरा सुंदरी के दर्शन किये तथा बाद में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा ऋण के दो लाभाथीयों को 10-10 लाख के एवं गोपाल क्रेडिट कार्ड के दो लाभार्थियों को 50-50 हजार के चैक वितरित किये गयें। सहकारिता विभाग, बैंक एवं वृहत कृषि बहुउद्देशीय सहकारी समितियों के समस्त कर्मचारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, किसान, छात्र और उनके परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे। चेक वितरण के पश्चात लाभार्थियों ने सरकार के इस प्रयास की सराहना की और उनके जीवन में एक महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक मोड़ बताया।

निर्माण के अन्तिम चरण में है मिथिला कैलेंडर

इस वर्ष ऋषि परंपरा विशेषांक है मिथिला कैलेंडर

एसबी संवाददाता

वाराणसी। मैथिल समाज, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रकाशित मिथिला कैलेंडर का निर्माण अन्तिम चरण में है। इस वर्ष का मिथिला कैलेंडर मिथिला के ऋषि, महर्षियों को समर्पित है। यहाँ यह बात दीगर है की पीछले वर्ष यानि वर्ष 2024 का कैलेंडर मिथिला के विदुषियों को समर्पित था।

संकलनकर्ता गौतम कुमार झा (एडवोकेट) ने हमारे संवाददाता को बताया की इस वर्ष मिथिला कैलेंडर में महर्षि गौतम, महकवि कालीदास, सन्त शिरोमणि लक्ष्मीनाथ गोसाईं, पुरी शंकराचार्य निश्चलानन्द सरस्वती जी महाराज आदि ऋषि मुनियों पर विशेषांक कैलेंडर के माध्यम से संस्था द्वारा निकाला जा रहा है। मिथिला कैलेंडर में मिथिला पंचांग के अनुसार पर्व, त्योहार



कवि कोकिल विद्यापति।

का समावेश है। विवाह के शुभ मुहूर्त, गृह प्रवेश, दुरागमन, जनेऊ, मुण्डन आदि का समावेश मिथिला पंचांग के अनुसार कैलेंडर में किया गया है जो आमजनमानस पंचांग नहीं देख पाते हैं वो आसानी से तिथिवार इसमें देख सकते हैं।

जेल से बाहर आए प्रशांत किशोर

पटना (एजेन्सी)। जन सुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के कुछ घंटों बाद सोमवार को बिना शर्त जमानत मिल गई। इससे पहले कोर्ट ने उन्हें शर्तों के साथ जमानत दी थी। यही कारण रहा कि प्रशांत किशोर ने जमानत लेने से इनकार कर दिया था। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। हालांकि, अब कोर्ट की ओर से उन्हें बिना शर्त जमानत दे दी गई है। प्रशांत किशोर को जेल से बाहर लाया गया है। किशोर बिहार लोक सेवा आयोग की एक परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर अपना आमरण अनशन जारी रखने पर अड़े हुए हैं।

श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा का आयोजन को लेकर कलश यात्रा आज

एसबी संवाददाता

अकबरनगर। नगर पंचायत के श्रीरामपुर गाँव मे श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा परायण साप्ताह यज्ञ का आयोजन 7 जनवरी से शुरू हो रहा है।

इसको लेकर मंगलवार यानि आज कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी जो सुल्तानगंज के उत्तर वाहिनी गंगा तट से यज्ञ स्थल श्रीरामपुर तक पहुंचेगी। इसके बाद लगातार सात दिनों तक श्रोता कथा का श्रवण करेंगे। आयोजन कर्ता नागेश्वर प्रसाद उर्फ नोखेलाल यादव ने बताया कि 7 जनवरी से लेकर 14 जनवरी तक लगातार कथा पारायण साप्ताह यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पंडित द्वारा कथा पारायण सुबह 7 से 11 बजे तक एवं संध्या मे 5 से 7 तक किया जाएगा। इसके बाद वृंदावन से चलकर आ रही कथा वाचिका कृष्ण प्रिया द्वारा संध्या 7 से रात्रि 10 बजे तक श्रोताओं को कथा रहेगी। जिसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है।

16 साहित्यकारों को खेल मंत्री ने किया दिनकर साहित्य कला सम्मान से सम्मानित

एसबी संवाददाता

बेगूसराय। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की पावन धरती बेगूसराय में तरूण सांस्कृतिक चेतना समिति, बेगूसराय के बैनर तले आयोजित राज्य स्तरीय कवि सम्मेलन में कुल 16 साहित्यकारों को मुख्य अतिथि बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने दिनकर साहित्य कला सम्मान से सम्मानित किया।

सम्मानित साहित्यकारों की सूचीः डा. महेश चंद्र चौरसिया-हवेली खड़गपुर, डा. सच्चिदानंद पाठक- बेगूसराय, सीताराम शेरपुरी-विद्यापतिनगर, देवनीति राय-बछवाड़ा, प्रो. सत्यसंध भारद्वाज-दलसिंहसराय, अर्चना चौधरी अर्पण-पटोरी, रेखा शर्मा स्नेहा- मुजफ्फरपुर, रंजना लता-मधुबनी, श्रीराम राय-बछवाडा, प्रवीण कुमार चुन्नू-समस्तीपुर, पद्माकर सिंह लाला-विद्यापतिनगर, सौरव वाचस्पति रेणु- रोसड़ा, मुकेश समस्तीपुरी-समस्तीपुर, शिव कुमार सिंह-समस्तीपुर, मिन्टू कुमार झा-मंसूरचक, आनंद कुमार जायसवाल-तेघड़ा।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने श्री गुरु गोबिंद सिंह जी को उनके प्रकाश पर्व पर श्रद्धांजलि अर्पित की

संजना भारती संवाददाता

चंडीगढ़। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने 10वें सिख गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी को उनके प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और श्री गुरु गोबिंद सिंह जी की शिक्षाओं, सद्भाव, साहस और सार्वभौमिक भाईचारे को बढ़ावा देने में उनके महत्व पर प्रकाश डाला।

श्री बंडारू दत्तात्रेय ने मानवता के लिए श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के अद्वितीय योगदान, विशेष रूप से निस्वार्थता, समानता और सेवा के उनके आदर्शों पर जोर डालते हुए देश के नागरिकों से समाज के कल्याण के लिए इन शिक्षाओं को अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करने का आग्रह किया। श्री गुरु गोबिंद



सिंह जी का जीवन मानव समाज के लिए प्रेरणा का प्रतीक है। सार्वभौमिक कल्याण, सामाजिक न्याय और एकता का उनका दृष्टिकोण आज की दुनिया में भी अत्यंत प्रासंगिक है। श्री दत्तात्रेय ने कहा कि आइए हम सब उनके सिद्धांतों पर चलने के लिए प्रतिबद्ध हों और एक दयालु और सामंजस्यपूर्ण समाज के निर्माण में योगदान दें।

श्री बंडारू दत्तात्रेय ने सिख समुदाय की त्याग, वीरता और निस्वार्थ सेवा के मूल्यों के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता की भी प्रशंसा की, जो गुरु के जीवन और विरासत में परिलक्षित होते हैं। उन्होंने लोगों से इस शुभ अवसर को भक्ति और श्री गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा सिखाए गए मूल्यों को बनाए रखने के संकल्प के साथ मनाने के लिए एक साथ आने का आह्वान किया। राज्यपाल ने इस दिन के लिए लोगों को शुभकामनाएं दी और हरियाणा एवं देश के लिए शांति, समृद्धि और एकता की प्रार्थना की।

नगर पालिका कलायत, सीवन तथा पूंडरी के लिए मतदाता सूची का किया अंतिम प्रकाशन

एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार

कैथल। डीसी प्रीति ने बताया कि निकाय चुनाव को लेकर चुनाव आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार सोमवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। इसको लेकर लोगों द्वारा दर्ज करवाए गए सभी दावे और आपत्तियों को निपटारा किया गया है।

बता दें कि नगर पालिका कलायत, सीवन तथा पूंडरी मे चुनाव कराए जाएंगे, जिसको लेकर तैयारियां चल रही हैं। डीसी ने बताया कि मतदाता सूची उपायुक्त कार्यालय, संबंधित एसडीएम कार्यालय, संबंधित नगर पालिका तथा तहसीलदार कार्यालय में उपलब्ध रहेगी।

डीसी कैथल प्रीति।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के नाम पर शोध पीठ की होगी स्थापना

एसबी संवाददाता

चंडीगढ़। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के नाम पर शोध पीठ की स्थापना की जाएगी।

जमुना ऑटो इंडस्ट्री लिमिटेड ने आज इस उद्देश्य के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी को 25 लाख रुपये का चेक भेंट किया। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के जीवन और शिक्षाओं से संबंधित शैक्षणिक अनुसंधान और सांस्कृतिक अध्ययन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस शोध पीठ को जमुना ऑटो इंडस्ट्री लिमिटेड द्वारा उनके कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के तहत वित्त पोषित किया जाएगा। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री श्री अरविंद शर्मा और ओएसडी डॉ. प्रभलीन सिंह भी मौजूद रहे।

शोध पीठ की स्थापना से न केवल श्री गुरु गोबिंद सिंह जी की विरासत का सम्मान होगा, बल्कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में शैक्षिक और अनुसंधान के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा।

कृष्ण कुमार बेदी ने गांव दबलैन को दी करोड़ों रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात

■ गांव की विभिन्न चौपालों एवं अन्य विकास कार्यों के लिए भी 83 लाख रुपये अनुदान की घोषणा

संजना भारती संवाददाता

चंडीगढ़। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने अपने विधानसभा क्षेत्र नरवाना के गांव दबलैन में 2 करोड़ 45 लाख रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात दी। कैबिनेट मंत्री ने सोमवार को गांव के वाटर वर्क्स के नवीनीकरण एवं विस्तारीकरण का शिलान्यास किया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा इस कार्य में 1 करोड़ 61 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी। इसके अलावा कैबिनेट मंत्री ने गांव की अनेक चौपालों के निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों के लिए भी 83 लाख रुपये देने की भी घोषणा की।

श्री बेदी ने इस अवसर पर गांव के राजकीय विद्यालय में ग्रामीण सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पर्याप्त एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की मांग गांव वासी लंबे समय से कर रहे थे। इस जल घर का अब नए सिरे से नवीनीकरण और विस्तारीकरण करने का कार्य शुरू हो गया है। इसके अलावा गांव की मांग पर मुख्यमंत्री द्वारा उच्च विद्यालय को भी 12वीं कक्षा तक बनाने के प्रस्ताव को मंजूर किया गया है। इसके लिए गांव वासियों सहित वे व्यक्तिगत तौर पर भी मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं। ग्रामीण विकास के लिए घोषणाएं करते

हुए श्री बेदी ने 38 लाख रुपये सामान्य चौपाल के लिए मंजूर करने का ऐलान किया। इसमें 28 लाख रुपये की राशि पहले से मंजूरशुदा है, जबकि 10 लाख रुपये की राशि की मंत्री ने अतिरिक्त घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने बाजीगर चौपाल और चमार चौपाल के लिए 10-10 लाख रुपये, ब्राह्मण चौपाल के लिए 15 लाख रुपये, डिजिटल लाइब्रेरी के लिए 21 लाख रुपये तथा वाल्मीकि चौपाल के लिए भी 10 लाख रुपये ग्रांट देने की घोषणा की। गौरतलब है कि वाल्मीकि चौपाल के लिए 21 लाख रुपये की राशि पहले से ही मंजूर है। श्री बेदी ने ग्रामीणों की मांग पर हर्बल पार्क, स्कूल में सोलर सिस्टम, बहुउद्देशीय हॉल, बास्केटबॉल मैदान, स्कूल में छात्रों की संख्या अनुसार अतिरिक्त नए कमरों का निर्माण, उप स्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण, स्टेडियम व उसमें जिम व्यवस्था एवं चारदीवारी निर्माण बारे भी संबंधित विभागों को एस्टीमेट बनाने तथा ग्राम पंचायत को जमीन उपलब्ध करवाने के लिए कहा।

कैबिनेट मंत्री ने अपने संबोधन में ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर आपसी भाईचारा के साथ गांवों के विकास में सकारात्मक सहयोग करें। वर्तमान सरकार का मुख्य फोकस केवल विकास है और इसी दिशा में वे व्यक्तिगत तौर पर भी निरंतर प्रयासरत रहेंगे। राज्य सरकार के लिए पूरा हरियाणा और समस्त हरियाणवी एक हैं, और उनकी तरक्की ही पहली और आखिरी प्राथमिकता है। उन्होंने फिलहाल हुए चुनाव में जन समर्थन के लिए क्षेत्रवासियों को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे हमेशा क्षेत्र के मतदाताओं के ऋणी रहेंगे और अपना ऋण वे विकास परियोजना रूपी किस्तों में चुकाने का प्रयास करेंगे।

किसानों की मांग पूरी तरह जायज और कई साल पुरानी है-हुड्डा

एसबी संवाददाता

रोहतक। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत नाजुक बनी हुई है। अब इसे लेकर हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी बीजेपी की सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार इसपर पूरी तरह से अलोकतांत्रिक रवैया अपनाए हुए है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत बहुत नाजुक बनी हुई है। इसलिए सरकार को तुरंत उनकी मांगों का समाधान कर अनशन खत्म करवाना चाहिए। उनका जीवन सबके लिए अनमोल है। क्योंकि वो निजी स्वार्थ के लिए नहीं बल्कि किसानों की उचित मांगों के लिए अनशन कर रहे हैं।

हुड्डा ने कहा कि किसानों की मांग पूरी तरह जायज और कई साल पुरानी है। खुद भाजपा ने एमएसपी का वादा करके किसान आंदोलन को खत्म करवाया था। इसलिए किसान दिल्ली जाकर केंद्र सरकार से बातचीत करना चाहते हैं लेकिन उन्हें गैर-प्रजातांत्रिक तरीके से पंजाब-हरियाणा बॉर्डर पर रोका गया है।

उधर, लोहारू में छात्रा की आत्महत्या के मामले में उन्होंने सीबीआई या सीटिंग जज की निगरानी में जांच करवाने की मांग की है ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके।

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने एक बार फिर नायब सैनी की सरकार को खरी-खरी सुनाई है। दरअसल, उन्होंने कानून व्यवस्था से लेकर विकास तक बीजेपी सरकार की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने सरकार को पूरी तरह से विफल बताया है।

हुड्डा ने कहा, 'रोजगार देने में भी ये सरकार फिसड्डी साबित हुई है और प्रदेश में लाखों सरकारी पद खाली पड़े हैं। भाजपा ने प्रदेश पर कर्ज का बोझ बढ़ाने के अलावा कोई काम नहीं किया। 10 साल के कार्यकाल में बीजेपी ने हरियाणा में एक भी यूनिट बिजली उत्पादन नहीं बढ़ाया, न ही एक भी इंच मेट्रो या रेलवे लाइन को आगे बढ़ाया और ना ही कोई बड़ी परियोजना, संस्थान या उद्योग स्थापित किया। बावजूद इसके सरकार कर्ज पर कर्ज ले रही है यानी कर्ज लो और घी पियो।'

इतना ही नहीं हुड्डा ने एसवाईएल मुद्दे पर भी खुलकर बात की। उनके मुताबिक, हरियाणा सरकार को कोर्ट में अवमानना का मुकदमा दायर करना चाहिए क्योंकि सुप्रीम कोर्ट हरियाणा के हक में फैसला सुना चुकी है।

इसे अमलीजामा पहनाने का काम केंद्र और प्रदेश सरकार का है। आज प्रदेश और केंद्र दोनों जगह बीजेपी की सरकार है। लेकिन आज तक प्रदेश सरकार ने ऑल पार्टी मीटिंग में हुए फैसले के मुताबिक प्रधानमंत्री से मिलने तक का समय नहीं मांगा और ना ही सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवमानना का मुकदमा दायर किया।

पुलिस प्रशासन गांवों का भ्रमण करके समस्याएं सुन रहा

■ गांव में बनाए रखें आपसी भाईचारा

एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार

कैथल। आमजन के बीच में जाकर उनकी समस्याएं सुनने तथा उनका त्वरित समाधान करने के लिए एसपी राजेश कालिया के नेतृत्व में कैथल पुलिस द्वारा ग्रामीण भ्रमण मुहिम चलाई जा रही है। जिसके तहत एसपी राजेश कालिया सहित सभी डीएसपी व एसएचओ विभिन्न गांवों में जाकर आमजन से मुलाकात करते हुए समस्याएं सुनकर उनका समाधान कर रहे है।

सोमवार को डीएसपी कुलदीप बेनीवाल व एसएचओ सीवन एसआई कुलदीप सिंह द्वारा थाना सीवन अंतर्गत के गांव पिसौल तथा डीएसपी सुशील प्रकाश व थाना प्रबंधक सदर एसआई मुकेश कुमार द्वारा सदर थाना अंतर्गत के गांव पाडला का ग्रामीण भ्रमण किया गया। इस दौरान डीएसपी कुलदीप बेनीवाल व डीएसपी सुशील प्रकाश ने गांव वासियों

की समस्याएं सुनी व उनका समाधान का आश्वासन दिया।

ग्रामीणों को नशे के प्रति जागरूक करते हुए डीएसपी कुलदीप व डीएसपी सुशील प्रकाश ने कहा कि आज का युवा नशे व अपराधों की ओर ज्यादा अग्रसर है।

उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि अपने बच्चों को नशे से बचाएं व सामाजिक कार्यों में सहयोग के लिये प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता है कि गांव में शांति का माहौल बना रहे और आम जनता में सुरक्षा की भावना बनी रहे। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि गांव में किसी भी प्रकार की गुटबाजी से दुर रहे। यदि कोई गांव में नशा बेचता है या किसी किस्म का अपराध करता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें।

सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा व अपराधी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

राजस्थान के क्षेत्र को हरियाणा का क्षेत्र बताकर

अवैध माईनिंग की निराधार बयानबाजी कर रहे रणदीप सुरजेवाला: पंवार

■ मंत्री ने स्वयं नूंह और दादरी में जाकर मौके का किया निरीक्षण

एसबी संवाददाता

चंडीगढ़। हरियाणा के विकास एवं पंचायत तथा खनन एवं भू-विज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला राजस्थान के क्षेत्र को हरियाणा का क्षेत्र बताकर माइनिंग घोटाले के निराधार आरोप लगा रहे हैं। मंत्री ने स्वयं नूंह और दादरी में जाकर मौके का निरीक्षण किया और कहीं भी अवैध माइनिंग के कोई सुबूत नहीं मिले। उन्होंने कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरेजवाला पर बेबुनियादी बातों पर राजनीति करने का आरोप लगाया है।

खनन एवं भू- विज्ञान मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने कल रविवार को स्वयं नूंह का दौरा किया। उन्होंने फिरोजपुर झिरका की उस पहाड़ी का दौरा भी किया, जहां का नाम लेकर रणदीप सुरजेवाला आरोप लगा रहे थे। उन्होंने कहा कि उस जगह से 10 फुट की दूरी पर राजस्थान का खसरा नंबर-62 है। उस क्षेत्र को हरियाणा का क्षेत्र बताकर अवैध माइनिंग के झूठे आरोप विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रणदीप सुरजेवाला को इस तरह के निराधार आरोप लगाने से

पहले तथ्यों का निरीक्षण करना चाहिए। महज राजनीतिक भावना के साथ इस तरह की बयानबाजी नहीं करनी चाहिए।

खनन एवं भू- विज्ञान मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने आज दादरी जिले के बाढ़डा क्षेत्र के पिचौपा गांव का भी दौरा किया। उन्होंने दौरा करने के बाद कहा कि पिचौपा गांव में माइनिंग पूरी तरह से बंद है। माइनिंग जोन में कोई खनन नहीं हो रहा है। उस क्षेत्र में एक स्टोन क्रैशर है, जहां शिव शक्ति स्टोन क्रैशर की बेल्ट से एक पत्थर स्लिप होकर एक सुभाष नाम के मजदूर के पैर में लगा, जिससे उसके पैर पर मामूली चोट आई। उसका ईलाज करवा दिया गया। वहां किसी तरह के कोई अवैध खनन से जुड़ा मामला सामने नहीं आया है।

खनन एवं भू-विज्ञान मंत्री श्री कृष्ण पंवार ने कहा कि दादरी जिले के कलियाणा गांव में खसरा नंबर-216 में एसबीपीआईएल माइनिंग कम्पनी को 12 दिसंबर, 2024 को माइनिंग आफिसर द्वारा नोटिस दिया गया था। इस फर्म के द्वारा सरकार का लगभग 30 करोड़ रुपया जमा नहीं करवाया था। पैसे जमा न करवाने और बार बार नोटिस दिए जाने के बाद भी यह क्रैशर को चला रहा था।

मंत्री ने यहां का दौरा किया और इस फर्म को सस्पेंड करने के आदेश दिए हैं। माइनिंग ऑफिसर को इस फर्म का सस्पेंड केस बनाकर निदेशक के समक्ष भेजने के भी निर्देश दिए हैं।

चंडीगढ़ यूटी शिक्षा विभाग जनवरी 2025 के भीतर सभी पदों के लिए नियुक्तियां पूरी करने के लिए तैयार

एसबी संवाददाता

चंडीगढ़। चंडीगढ़ यूटी शिक्षा विभाग जनवरी 2025 के भीतर सभी पदों के लिए नियुक्तियां पूरी करने के लिए पूरी तरह से तैयार कर चुका है। बाकायदा विभाग द्वारा भर्ती प्रक्रिया से निपटने वाले सभी विभागीय अधिकारियों को मंगलवार से कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है और नियुक्ति पत्र जारी होने और सभी पदों के लिए पदोन्नति पूरी होने तक कोई छुट्टी नहीं दी जाएगी। दरअसल शिक्षा विभाग द्वारा निकाले गए सभी पदों के लिए उम्मीदवारों का दस्तावेज वेरीफिकेशन का काम पहले ही पूरा हो चुका है। बाद में कानूनी पचड़ों से बचने के लिए विभाग को सभी पदों के लिए भर्ती से संबंधित कुछ सामान्य कानूनी मुद्दों पर कानूनी सलाह लेनी पड़ी है। कानूनी सलाह प्राप्त होने के बाद इसके संदर्भ में विभाग अब उम्मीदवारों की अंतिम चयनित सूची तैयार कर रहा है और इसे पदवार घोषित किया जाएगा। इस सूची को जल्द से जल्द विभाग की वेबसाइट पर पदवार अपलोड किया जाएगा और यह प्रक्रिया अगले कुछ दिनों में शुरू हो जाएगी। इन (नियुक्ति पत्रों) को पदवार वितरित करने का कार्यक्रम जल्द ही जारी किया जाएगा और नियुक्ति पत्रों का पहला वितरण 13 जनवरी 2025 से शुरू होने वाले सप्ताह में शुरू होगा व 31 जनवरी 2025 तक सभी पदों के लिए पूरा हो जाएगा। नियुक्ति पत्र विशेष रूप से निर्धारित समारोहों में पदवार वितरित किए जाएंगे ताकि सफल उम्मीदवारों को सम्मानित किया जा सके और विभाग में उनका स्वागत किया जा सके। विभिन्न पदों के लिए नियुक्ति पत्र वितरित करने के लिए अलग-अलग समारोह आयोजित किए जाएंगे। सफल उम्मीदवारों को इन समारोहों की तारीख और स्थान के बारे में सूचित किया जाएगा।

छात्राओं को महिला विरुद्ध अपराधों, डायल 112, ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम व दुर्गा शक्ति ऐप के बारे में दी जानकारी

एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार

कैथल। समाज को विभिन्न मुद्दों पर जागरूक करने के एसपी राजेश कालिया के निदेर्शानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत दुर्गा शक्ति इंचार्ज एचसी सुमन की टीम द्वारा आईजी कालेज कैथल में छात्राओं को महिला विरुद्ध अपराधों, डायल 112, ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम और दुर्गा शक्ति ऐप के संबंध में जागरूक किया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान पुलिस टीम द्वारा जानकारी दी गई कि आज महिलाओं के खिलाफ छेड़खानी, बलात्कार, यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, दहेज हत्या और महिला तस्करी इत्यादि अपराध हो रहे हैं, जिनसे महिलाओं की सुरक्षा के लिए बहुत से कानून तो बनाए ही गए हैं, इनके साथ-साथ मुसीबत में फंसी महिलाओं की तुरंत सहायता के लिए दूर्गा शक्ति ऐप व दूर्गा शक्ति फोर्स भी तैयार की गई है। जो सुचना मिलते ही जल्द से जल्द मौके पर पहुंचकर पिड़िता को सुरक्षा मुहैया करवाती है। इसके अतिरिक्त पढ़ाई करनी वाली छात्राएं व कामकाजी महिलाओ को सुरक्षित उनके घर पर

छात्राओं को जागरूक करती पुलिस टीम। (छाया: एसबी)

पहुंचाने के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम शुरू किया गया है। जो छात्राएं व महिलाएं देर रात सुरक्षित सफर करने के लिए 112 डायल करके पुलिस सहायता ले सकती है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि सुरक्षा का सबसे बड़ा तरीका यह है कि यदि स्कूल या कॉलेज आते-जाते कोई उनका पिछा करता है या रास्ता रोकने की कोशिश करता है तो तुरंत इसकी सुचना दूर्गा शक्ति ऐप या 112 के माध्यम से पुलिस को दें, इस संबंध में आप अपने अभिभावकों या अध्यापकों को भी बताए ताकि आपकी समस्या का समाधान समय रहते किया जा सके। इन सबके अलावा भी यदि आपके आसपास किसी अन्य महिला या किसी ओर तरीके का अपराध होता है तो उसके संबंध में भी तुरंत पुलिस को सूचना दें। इसके अतिरिक्त छात्राओं को साइबर अपराधों बारे भी जागरूक किया गया।

बताया गया कि कॉल या मेसेज पर किसी से भी अपनी निजी जानकारी सांझा ना करें। साइबर अपराध होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करके शिकायत दें।

चंडीगढ़ ने जेएंडके को हराया, सात विकेट से दी मात

एसबी संवाददाता

चंडीगढ़। विशाखापट्टनम में सम्पन्न हुए विजय हजारे ट्राफी के अंतिम लीग मैच में चंडीगढ़ ने एकतरफा मुकाबले में जम्मू एंड कश्मीर को सात विकेट से हराया। शतकवीर तुषार जोशी और कप्तान मनन वोहरा ने 286 की चुनौती को मात्र तीन विकेट खोकर पार कर लिया।

जेएंडके ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 50 ओवर्स में 285/8 रन बनाए। शुभम खजुरिया (72) और नाबाद अबिद मुश्ताक (53) ने अर्धशतक जड़े जबकि चंडीगढ़ की ओर से निशंक बिरला (3/24) ने तीन विकेट चटकाए, जबकि निखिल शर्मा (2/48) ने दो विकेट हासिल किए।

जवाब में ओपनिंग करने उतरे कप्तान मनन वोहरा और तुषार जोशी ने जीत की राह आसान बनाई। मनन ने 104 गेंदों पर 107 रन बनाए जिसमें तीन छक्के और

15 चौके शामिल रहे। जबकि तुषार ने 109 गेंदों पर ताबड़तोड 131 रन बनाए। इसमें चार छक्के और 15 चौके शामिल थे। टीम ने 43वें ओवर जीत अर्जित की।

अरिनंदम के ऑलराउंडर प्रदर्शन से सेंट जोसेफ स्कूल 44 ने ओपोलो इंटरनेशनल स्कूल पानीपत की टीम को 51 रनों से हराकर अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट को जीतने में कामयाबी हासिल की। मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी सेंट जोसेफ स्कूल 44 की टीम ने निर्धारित 35 ओवर में 6 विकेट पर 260 रन बनाए। आरूष शर्मा ने 88 रन, अरिनंदम ने 32 रन, रौनक कुमार ने 16 नाबाद रनों की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओपोलो इंटरनेशनल स्कूल पानीपत की पूरी टीम 31.5 ओवर में कुल 209 के स्कोर पर सिमट गई। मंयक ने 48 रन, अनिरूद्ध ने 31 रन, तेजस ने 26 रन बनाए। गेंदबाजी में अरिनंदम ने 27 रन देकर 4 विकेट, रौनक कुमार ने 22 रन देकर 3 विकेट, अब्दुल वाजिद ने 38 रन देकर 3 विकेट चटकाए। अरिनंदम को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

टूर्नामेंट के बेहतर खिलाड़ी

प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट-अरिनंदम
बेस्ट गेंदबाज-पुलकित
बेस्ट बल्लेबाज-दक्ष कौशिक
बेस्ट विकेट कीपर-विश संधू
बेस्ट फिल्डर-फतेहतदीप सिंह

अंत्योदय के उत्थान के प्रयास अब और होंगे तेज

एसबी संवाददाता

चंडीगढ़। हरियाणा में अगले महीने विधानसभा में पेश होने जा रहे बजट में गरीब परिवारों की महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये की आर्थिक सहायता और बुजुर्गों-विधवाओं और दिव्यांगों की पेंशन में बढ़ोतरी की तैयारी है।

नए साल में सभी गरीबों के सिर पर छत, बेहतर शिक्षा और अंत्योदय परिवारों के युवाओं को रोजगार के लिए कई योजनाएं परवान चढ़ेंगी, तो कुपोषण से निजात दिलाने के लिए उन्हें पौष्टिक खाद्य पदार्थ भी उपलब्ध कराए जाएंगे। परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) के अनुसार एक लाख 80 हजार रुपये तक की वार्षिक पारिवारिक आय वाले जरूरतमंद परिवारों को मकान बनाने के लिए डेढ़ लाख रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी दी जाएगी। अगर ऐसे परिवार के पास भूमि नहीं हुई, तो सरकार जमीन भी उपलब्ध कराएगी। प्रदेश में गरीबी रेखा के नीचे (बीपीएल) के 35 लाख से अधिक परिवारों को मुफ्त राशन उपलब्ध करवाया जा रहा है। एक लाख रुपये से कम आय वाले

अंत्योदय परिवारों के सभी सदस्यों को रोडवेज बसों में 1000 किलोमीटर तक मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी।

मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के माध्यम से हर गरीब परिवार की न्यूनतम वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपये सुनिश्चित करना है। अंत्योदय मेलों के माध्यम से अभी तक 50 हजार गरीब युवाओं को स्वरोजगार के लिए लोन और कौशल प्रशिक्षण दिलाया जा चुका है। जल्द ही अंत्योदय उत्थान मेलों का अगला दौर शुरू होगा, जिसमें गरीब युवाओं को स्वावलंबी और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के प्रयास होंगे। अंत्योदय परिवार उत्थान योजना में 18 विभागों की 48 योजनाएं शामिल की गई हैं, जिनका लाभ युवा उठा सकते हैं। अनुसूचित एवं विमुक्त जाति के परिवार का नाम अगर बीपीएल सूची में है, तो उन्हें कन्या विवाह शगुन योजना के तहत 71 हजार रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा सभी वर्गों की विधवाओं, बेसहारा महिला, अनाथ बच्चे, जो बीपीएल सूची में हैं या उनकी आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है, तो उन्हें शादी में 51 हजार रुपये का शगुन दिया जाएगा। अनुसूचित जाति के युवाओं सूक्ष्म और लघु उद्योग लगाने के लिए प्लॉटों की कीमत में 20 प्रतिशत छूट मिलेगी। हालांकि, योजना का लाभ उठाने के लिए प्लॉट मिलने के तीन साल के भीतर परियोजना को शुरू करना होगा। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आइटीआई) में प्रवेश लेने वाली तीन लाख रुपये वार्षिक से कम पारिवारिक आय वाली प्रत्येक छात्रा को 2500 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। मध्यम वर्ग और गरीब लोगों के घरों की छतों पर रूफटॉप सौर पैनल स्थापित किए जाएंगे जिससे न केवल बिजली बिलों से निजात मिलेगी, बल्कि अतिरक्त बिजली को वितरण कंपनियों को बेचकर अतिरिक्त कमाई की जा सकेगी। गरीबों के लिए न्यूनतम बिजली बिल की अनिवार्यता पहले ही खत्म की जा चुकी है।

हरियाणा कौशल विकास मिशन के तहत दो लाख बेरोजगार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे रोजगार प्राप्त कर सकें। पारंपरिक नौकरियों के अलावा आधुनिक उद्योगों से संबंधित नौकरियों और उभरती प्रौद्योगिकियों के अनुसार कौशल प्रशिक्षण पर फोकस रहेगा।

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय द्वारा युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। हर साल पांच हजार युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, डेटा एनालिटिक्स और प्रोग्रामिंग तथा विद्युत वाहन विनिर्माण के क्षेत्र में नौकरियों के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा कौशल स्कूल भी स्थापित किए जाएंगे जहां छठी कक्षा से ही बच्चों का कौशल विकास किया जाएगा। युवाओं को स्टार्टअप स्थापित करने और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए इन्क्यूबेशन केंद्रों की स्थापना कर बैंकों, वित्तीय संस्थानों और उद्यम पूंजी निधियों से ऋण दिलाया जाएगा।